


सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14 अंक - 305 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, गुरूवार 17 अगस्त 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास - खबर

### नर कंकाल मिलने से सनसनी, पुलिस बता रही 20 दिन पहले लापता युवक के अवशेष, फोरेंसिक जांच में खुलेगा राज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में नरकंकाल मिलने से सनसनी फैल गई है। यहां के एक जंगल में यह कंकाल मिला जिसकी सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस जांच शुरू कर दी है। नरकंकाल की शिनाख्त को लेकर पुलिस स्पष्ट दावा नहीं कर पा रही है। हालांकि पुलिस ने संभावना जताई है कि यह कंकाल लगभग 20 दिन पूर्व से लापता रंगोले गांव निवासी प्रकाश सिंह कंवर पिता कृपाल सिंह (26) की है। फ्लिहाल पुलिस ने कंकाल के सैंपल जांच के लिए भेजा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

मिली जानकारी के अनुसार पाली थाना क्षेत्र के जंगल में नरकंकाल मिले हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कंकाल के अवशेष व वहां मिले कपड़ों को जब्त कर जांच शुरू कर दी है। कंकल के अवशेष की शिनाख्त के लिए पुलिस ने आसपास के लापता लोगों की जानकारी जुटाई है। पुलिस को आशंका है कि यह अवशेष ग्राम रंगोले निवासी प्रकाश सिंह कंवर की है। हालांकि पुलिस इसे लेकर पुख्ता नहीं है। फ्लिहाल फोरेंसिक जांच के लिए सैंपल को भेज दिया गया है।

पाली थाना प्रभारी अभिनवकांत सिंह ने बताया कि नर कंकाल किसका है, यह तो फ्लिहाल जांच के बाद स्पष्ट होगा। लेकिन मौके से मिले कपड़े के आधार पर रंगोले निवासी प्रकाश सिंह कंवर के रूप में इसी पहचान हुई है। प्रकाश सिंह 26 जुलाई से लापता है। इस संबंध में परिजनों ने पुलिस थाने में किसी प्रकार की शिकायत दर्ज नहीं कराई है। परिजनों ने बताया कि प्रकाश सिंह शराब पीने का आदी है ओर अक्सर घर से गायब रहता है और 15-20 दिनों में एक बार वापस आता है। पुलिस को मौके पर शराब पार्टी के भी प्रमाण मिले हैं। पुलिस को यह भी आशंका है कि प्रकाश सिंह ने यहां कुछ लोगों के साथ बैठकर शराब पी और उसके बाद कोई अनहोनी हुई हो। फ्लिहाल रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

# खरगे, शाह और केजरीवाल फिर चुनावी दौरे पर, कांग्रेस में टिकट के लिए शुरू हुई माथापच्ची

श्रीकंचनपथ न्यूज़

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ ने चुनावी ऐलान से ऐन पहले नेताओं के दौरे शुरू हो गए हैं। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ ही आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल भी यहां आ रहे हैं। इधर, कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुरूप आज से टिकट दावेदारों की आवेदन प्रक्रिया भी शुरू हो गई। कांग्रेस और भाजपा दोनों ही इस बार प्रत्याशियों का चयन जल्द करने के मूड में दिख रहे हैं। संभावना जताई जा रही है कि दोनों दल सितम्बर के मध्य तक प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर सकते हैं।

छत्तीसगढ़ में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी, कांग्रेस समेत सभी राजनीतिक दलों के दिग्गज नेताओं का छत्तीसगढ़ आना शुरू हो गया है। इसी क्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एक बार फिर 26 अगस्त को छत्तीसगढ़ आने वाले हैं। खरगे का यह 15 दिनों में दूसरा दौरा है। वहीं, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी इसी महीने छत्तीसगढ़ आने वाले हैं। दूसरी ओर राहुल गांधी और कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल सितंबर महीने में छत्तीसगढ़ आएंगे।

### राजनांदगांव आएंगे मल्लिकार्जुन खरगे

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे 26 अगस्त को छत्तीसगढ़ दौरै पर आएंगे। एआईसीसी अध्यक्ष खरगे छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिला आएंगे। बता दें कि खरगे का 15 दिनों के भीतर यह दूसरी बार छत्तीसगढ़ दौरा है। इससे पहले खरगे 13 अगस्त को जांजगीर-चांपा आए थे। खरगे यहां कांग्रेस सरकार के भरोसे के सम्मेलन में शामिल हुए थे। इस दौरान खरगे ने कहा कि मोदी सरकार के नेता-मंत्री बोलते हैं कि 70 साल में देश में कुछ नहीं हुआ है, जबकि कांग्रेस सरकार में पढ़कर ही आज मंत्री और प्रधानमंत्री बने हैं।



### टिकट के लिए आवेदन प्रक्रिया हुई शुरू

कांग्रेस प्रदेश चुनाव समिति की पहली बैठक में टिकट दावेदारों के लिए आवेदन की पूरी प्रक्रिया तय की गई थी। इसी के तहत आज से चुनाव लड़ने के इच्छुक नेता ब्लाक स्तर पर आवेदन कर सकेंगे। पार्टी ने पहली बार दावेदारों से ऑनलाइन आवेदन भी मंगाया है। ब्लाक से आए आवेदन पर जिला स्तर पर चर्चा होगी और प्रदेश चुनाव समिति को तीन से पांच दावेदारों का पैनल भेजा जाएगा। चुनाव समिति के सदस्यों की मानें तो उम्मीदवार चयन में पहली प्राथमिकता जीतने की क्षमता है। उसके बाद जातिगत समीकरण को ध्यान में रखा जाएगा। कांग्रेस ही पहली सूची सितंबर के दूसरे सप्ताह तक आ सकती है। इसके लिए जिला कांग्रेस कमेटी से 30 अगस्त तक पैनल मंगाया गया है।

### 19 को आएंगे केजरीवाल

कांग्रेस के बड़े नेताओं के नाम सामने आने के बाद अब आम आदमी के दिग्गज नेता छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे। खबर है कि आम आदमी पार्टी के प्रमुख व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 19 अगस्त को रायपुर दौरे पर आ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक सीएम केजरीवाल रायपुर के टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में प्रदेशभर के आम आदमी पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं से केजरीवाल मिलेंगे। इस दौरान आगामी चुनाव को लेकर केजरीवाल कार्यकर्ताओं के साथ खास बातचीत कर चुनावी मंत्र देंगे। साथ ही कार्यक्रम के दौरान ही घोषणा पत्र समिति के नेताओं से स्थानीय मुद्दों को लेकर फिडबैक भी लेंगे। वहीं विधानसभा चुनाव को लेकर गारंटी कार्ड भी जारी कर सकते हैं।

### रायपुर महोत्सव में शामिल होंगे शाह

दूसरी ओर, चुनावी साल में छत्तीसगढ़ का लगातार दौरा कर रहे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एक बार फ्रि छत्तीसगढ़ आने वाले हैं। यानी मल्लिकार्जुन खरगे से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे हैं। अमित शाह 20 अगस्त को रायपुर आएंगे। यहां वे जनजातीय मंत्रालय की ओर से साइंस कालेज मैदान में आयोजित महोत्सव कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इसके बाद अमित शाह भाजपा के आला नेताओं के साथ पार्टी की चुनावी तैयारी पर चर्चा कर सकते हैं। इस दौरान चुनावी तैयारियों पर भी चर्चा हो सकती है।

### चुनाव प्रबंधन संभालेंगे दीगर राज्यों के विधायक

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर छत्तीसगढ़ भाजपा का चुनावी प्रबंधन दूसरे राज्यों से आए विधायक संभालेंगे। महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, गुजरात, झारखंड समेत अन्य राज्यों के 90 विधायकों का छत्तीसगढ़ प्रवास तय हुआ है। ये विधायक अगले विधानसभा चुनाव की रणनीति तय करेंगे। 10 से 15 दिन तक वह छत्तीसगढ़ के अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में दौरा करेंगे और अपना फीडबैक देंगे। इस नीति से भाजपा छत्तीसगढ़ में दोबारा सत्ता पाने के लिए अपनी चुनावी रणनीति तैयार करेगी। पार्टी सूत्रों की मानें तो अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र में विधायक जाएंगे। यहां लोगों से बातचीत करेंगे, वर्तमान में जिस संभावित प्रत्याशी को टिकट दिया जा रहा है उससे संबंधित जायजा भी लेंगे। अपना फीडबैक शीर्ष तक पहुंचाएंगे और इस तरह चुनाव में प्रत्याशियों के चयन और जीत सुनिश्चित करने के लिए क्या मुद्दे हो सकते हैं इस पर भी मंथन करेंगे।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री लीलाराम भोजवानी का निधन, रायपुर में ली अंतिम सांस



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री लीलाराम भोजवानी का निधन हो गया है। वह कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। पूर्व मंत्री लीलाराम भोजवानी ने रायपुर के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। पूर्व मंत्री के निधन पर भाजपा में शोक की लहर है।

अविभाजित मध्यप्रदेश के समय में स्वर्गीय लीलाराम भोजवानी श्रम मंत्री रहे। लीलाराम भोजवानी का जन्म 24 जनवरी 1941 को हुआ था। राजनांदगांव में उन्होंने राजनीति की शुरुआत की और भाजपा के कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे। राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र से दो बार विधायक रहे 1990 और 1998 में। वर्तमान में राजनांदगांव विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के विधायक प्रतिनिधि लीलाराम भोजवानी रहे हैं। इसके साथ ही वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व मंत्री लीलाराम भोजवानी पार्षद और कई पदों पर रह चुके हैं। जनप्रतिनिधियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। आज उनका अंतिम संस्कार राजनांदगांव में किया जाएगा।

# सेंट्रल एवेन्यू में स्टंट करने वालों की आई शामत यातायात पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई, 18 बाइक जब्त



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेंट्रल एवेन्यू पर स्टंट करने वाले बाइकर्स की बुधवार को शामत आई। दुर्ग की यातायात पुलिस ने सेंट्रल एवेन्यू पर प्वाइंट लगाकर ऐसे बाइकर्स पर कार्रवाई की। इस दौरान यातायात पुलिस ने 3 केटीएम, 3 बुलेट, 4 पल्सर सहित कुल 18 मोटर साइकिलें जब्त की। गुरुवार को यातायात मुख्यालय नेहरू नगर गुरुद्वारा चौक में इन बाइकर्स के पालकों को बुलाया गया है जहां इन्हें समझाइश दी जाएगी।

यातायात पुलिस द्वारा इस दौरान 3 केटीएम बाइक, 3 बुलेट बाइक व 4 पल्सर सहित कुल 18 वाहनों को जब्त किया गया है। जब पुलिस कार्रवाई कर रही थी उस समय एक स्टंट बाइकर हादसे का शिकार हो गया। यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा सभी पालकों से अपील की गई है कि वे अपने बच्चों को वाहन मोडीफाईड करके चलाने न दें। तेज रफ्तार वाहन चलाने से मना करें। ऐसा करते पकड़े जाने पर वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

यातायात पुलिस ने आम लोगों से भी अपील करते हुए कहा है कि यदि कोई भी बाइकर्स स्टंट करता दिखे या मोडिफाइड बाइक चलाता दिखें या फ्रि किसी अन्य तरह से यातायात निसमों की धज्जियां उड़ा दिखे तो वाट्सएप नंबर 9479192029 पर फोटो या वीड़ियो सेंड करें। ऐसी शिकायतों पर पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

### सेंट्रल एवेन्यू में की गई यातायात पुलिस द्वारा कार्रवाई

बता दें दुर्ग जिले की यातायात पुलिस द्वारा बिना नम्बर बाइकर्स, मोडीफाईड सायलेंसर, तेज रफ्तार वाहन चलाने व स्टंटबाजी करने वालों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में यातायात पुलिस द्वारा सेंट्रल एवेन्यू में कार्रवाई की गई। इस दौरान सेंट्रल एवेन्यू में मोडीफाईड बाईक्स, सैलेन्सर, स्टंट बाइकर्स, तेज रफ्तार बाईकर्स, बिना नंबर वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान यातायात पुलिस ने ऐसे बाइक जब्त कर लिए और क्रेन की सहायता से यातायात मुख्यालय ले जाया गया।

## फर्जी नक्सली बन करता था डकैती पुलिस ने दबोचा

**कांकेर।** पुलिस ने मोटर साईकिल चोरी करने वाले और खरीदार को पकड़ लिया है। पकड़े गए आरोपी में एक पूर्व में फर्जी नक्सली बनकर डकैती करने के मामले में 2020 में आरोपी रह चुका है। पखांजुर टीआई मोरध्वज देशमुख ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से तीन मोटर साइकिल बरामद की गई है। जिसकी कीमत 2 लाख 10 हजार रुपए है। पखांजुर के रहने वाले किशोर मंडल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके आंगन में रखी एक 70 हजार की मोटरसाइकिल चोरी हो गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही थी। इसी दौरान पता चला कि पूर्व में डकैती के मामले में जेल गए राजू पाल पखांजुर के पीवी 78 जनकपुर निवासी द्वारा मोटर साइकिल बेचने वाले ग्राहक की तलाश में घूम रहा है। पुलिस ने आरोपी की घेराबंदी कर दबोच लिया।

## नफरत पर जाया होती सरकार की ऊर्जा

श्रीकंचनपथ




देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। अमृत निकला था समुद्र मंथन के बाद। मंथन की पीड़ा को झुठला कर स्वार्थ ने केवल अमृत को याद रखा। इसी मंथन से हलाहल भी निकला था जिसे शिवजी ने अपने कंठ में धारण कर सृष्टि की रक्षा की थी। पर यह उलटप्रवाह का दौर है। अमृत को किसी ने गायब कर दिया है और गरल (विष) का भंडारा चल रहा है। उसपर तुर्रा यह कि यह सब सनातन के नाम पर हो रहा है। देश की एक बड़ी आबादी आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू से नफरत करती है। पिछले एक-डेढ़ दशक से एक सुनियोजित अभियान के तहत भारत के इन दोनों नेताओं को बदनाम किया जा रहा है। इतिहास की नई परिभाषाएं की जा रही हैं। उन सारी उपलब्धियों को झुठलाया जा रहा है जिसकी वजह से आज भारत आत्मनिर्भर और पहले से कई गुना अधिक मजबूत है। यदि गांधी ने आम जनता को आजादी के आंदोलन से न जोड़ा होता तो स्वतंत्रता संग्राम का स्वरूप कुछ और ही होता। नेहरू ने सार्वजनिक क्षेत्र में आधारभूत उद्योगों की नींव न रखी होती तो बिरला देश के सबसे बड़े उद्योगपति होते। इंदिरा ने पाकिस्तान के दो टुकड़े किये, बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया पर आज लोगों को केवल इमरजेंसी याद है। राजीव ने तमाम विरोधों के बीच देश में कम्प्यूटर युग की शुरुआत की जो आज जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। कम्प्यूटर और इंटरनेट की बदौलत ही देश के सभी बैंक, एटीएम, डिजिटल पेमेंट गेटवे काम कर पा रहे हैं। जिस आधार कार्ड को 'निराधार' और यूपीए सरकार की राजनीतिक नौटंकी करार देकर भाजपा सत्ता में आई, आज वही आधार उसकी योजनाओं के केन्द्र में है। दरअसल, ये सभी नेता भविष्यद्रष्टा थे और दूर की सोच के साथ काम करते थे। पर आज उन तमाम उपलब्धियों को झुठलाया जा रहा है जिनकी बुनियाद पर देश प्रगति कर रहा है। प्रसिद्ध कवि डॉ कुमार बिस्वास कहते हैं कि उनके दादाजी अपने जीवन काल में केवल जमीन का एक टुकड़ा ही खरीद पाए थे। उनके पिता ने उसपर एक छोटा सा आशियाना बनाया था। आज उनके पास एक विशाल फार्महाउस है। इस स्थिति तक पहुंचने के लिए तीन पीढ़ियां लग गईं। तीनों का योगदान समान रूप से महत्वपूर्ण है। यही भारतीयता है, यही सनातन संस्कृति है कि हम अपने पूर्वजों के योगदान को याद रखते हैं और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने दिल्ली के नेहरू म्यूजियम का नाम बदले जाने पर तंज कसा है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि भाजपा ने खुद बनाकर उसका नामकरण किया होता तो बात समझ में आती, लेकिन वह तो नेहरू का नाम मिटाने में लगी है। पर इस तरह नेहरू तो क्या, किसी की भी हस्ती मिटाई नहीं जा सकती। ऐसी हरकतें जलकुकड़ों को खुश कर सकती है पर इतिहास नहीं बदल सकती।



## संपादकीय

### चिंता का हिमालय

पहाड़ों पर लगातार मंडराती आपदा बहुत दुखद और चिंताजनक है। लगातार बारिश, बादल फटने, भूस्खलन और सड़क अवरुद्ध होने के चलते हिमाचल प्रदेश में अब तक 60 और उत्तराखंड में 50 से ज्यादा लोगों की जान गई है, जबकि घायल नागरिकों और वाहनों को मलबे से निकालने का अभियान जगह-जगह जारी है। इतना ही नहीं, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने आने वाले कुछ दिनों में भी भारी बारिश की आशंका जताई है। पहाड़ों पर कुछ ज्यादा बारिश हो रही है, जिससे दिल्ली में यमुना का जलस्तर इस साल दूसरी बार मंगलवार को खतरे के निशान को पार कर गया। पहाड़ों पर अनेक बांध लबालब हो गए हैं, जिससे कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। लोगों को सुरक्षा बलों की मदद से निकालना पड़ रहा है। जगह-जगह लोग फंसे हुए हैं और मदद का इंतजार कर रहे हैं। चूंकि इतनी बड़ी आपदा की आशंका नहीं थी, इसलिए सभी जरूरतमंदों तक पहुंचने के लिए सरकारों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। हिमाचल में एक अनुमान लगाया गया है कि राज्य को करीब 10,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है और बुनियादी ढांचे को फिर से विकसित करने में लगभग एक साल का समय लग जाएगा। भारी बारिश के कारण हिमाचल प्रदेश में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है और बुधवार को स्कूल, कॉलेज बंद रखने के आदेश देने पड़े हैं। वाकई, स्कूल जैसे संस्थान खोलने में ज्यादा तेजी नहीं करनी चाहिए, जान की सुरक्षा सर्वोपरि है। जिन इमारतों के ढहने की आशंका है, उन्हें युद्ध स्तर पर खाली करवाने की जरूरत है। शिमला के समर हिल और कृष्णा नगर जैसे हादसों को भूलना मुश्किल है। ऐसे हादसों को लेकर केवल हिमाचल व उत्तराखंड में ही नहीं, पंजाब सरकार भी सचेत है। बड़े बांधों के निचले इलाकों में उचित ही रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। भाखड़ा बांध के अलावा पोंग बांध से भी पानी छोड़ना पड़ रहा है। इन बांधों का भरना जहां एक ओर खुशी की बात है, वहीं इनके निचले इलाकों में लोगों की नींद हराम हो रही है। लोग चाहते हैं, बारिश कुछ थम जाए, ताकि बाढ़ का खतरा और न बढ़े। इसमें कोई शक नहीं है कि जिम्मेदार महकमे बांधों की मजबूती पर पूरी निगाह रख रहे होंगे। किसी भी तरह के हादसे की आशंका से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए। इस बार आपदा के जो दृश्य देखे गए हैं, उनकी व्यापक विवेचना जरूरी है। उन दृश्यों से आंखें फेरकर हम समाधान की ओर नहीं बढ़ पाएंगे। बड़े-बड़े आवास को लोगों ने ढहते देखा है। यह सवाल उठना लाजिमी है कि बिना नींव के बने विशालकाय घर आखिरी टिके कैसे थे? क्या विशालकाय घर बनाने से पहले पहाड़ की ताकत के बारे में विचार नहीं किया गया था? हिमालय के पूरे क्षेत्र में किस तरह के पहाड़ हैं, यह बात किसी से छिपी नहीं है। फिर भी जिस तरह से हिमालय की देह पर शहरों और बस्तियों का बोझ बढ़ता जा रहा है, चिंता का बढ़ना स्वाभाविक है। हिमालय की एक धारण क्षमता है, जिसका ध्यान हमें जरूर रखना चाहिए। कथनी से सरकारी फाइलें भरी हुई हैं, लेकिन उनमें से कितने उपाय वास्तव में हमारी करनी में उतर रहे हैं? लोगों ने सरकारी निर्देशों की कितनी पालना की है? अब समय आ गया है, हमें हिमालय और स्वयं अपने प्रति ज्यादा ईमानदार होना पड़ेगा। अत्यधिक बारिश और भूस्खलन से बचने के लिए पहाड़ पर रहने वाले हर नागरिक को सोचना होगा।

> “ ऐसे हादसों को लेकर केवल हिमाचल व उत्तराखंड में ही नहीं, पंजाब सरकार भी सचेत है। बड़े बांधों के निचले इलाकों में उचित ही रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। भाखड़ा बांध के अलावा पोंग बांध से भी पानी छोड़ना पड़ रहा है। इन बांधों का भरना जहां एक ओर खुशी की बात है, वहीं इनके निचले इलाकों में लोगों की नींद हराम हो रही है।

## आमदनी गिरने की कहानी

वित्त वर्ष 2022-23 के आय कर रिटर्न के आंकड़ों ने चौंकाया तो नहीं है, लेकिन इस बात की एक बार पुष्टि जरूर की है कि देश में लोगों की आमदनी का स्तर संभल नहीं रहा है। जिस समय दुनिया सबसे गति से भारतीय अर्थव्यवस्था के बढ़ने के अनुमानों को लेकर देश में खुशफहमी का माहौल है, आय कर रिटर्न के आंकड़े हकीकत से हमारा सामना कराते हैं। कोरोना महामारी की मार पड़ने के तीन साल बाद आलम यह है कि 2019-20 की तुलना में असल आय कर चुकाने वाले लोगों की संख्या आज भी तकरीबन एक करोड़ कम बनी हुई है। 2019-20 करोना महामारी के पहले का आखिरी वित्त वर्ष था। उस साल तीन करोड़ 57 लाख 52 हजार 260 व्यक्ति ऐसे थे, जिन्होंने आय कर का भुगतान किया था। पिछले 31 मार्च को पूरे वित्त वर्ष में हाल यह रहा कि आय कर चुकाने वाले लोगों की संख्या दो करोड़ 23 लाख 93 हजार 891 पर सीमित रही।

इस बीच की अवधि इस बात का भी खूब शोर रहा है कि आय कर रिटर्न भरने वालों की संख्या बढ़ रही है। टेक्नोलॉजी के विकास और अर्थव्यवस्था को औपचारिक रूप देने की सरकार की कोशिशों के बीच ऐसा सचमुच हुआ है, लेकिन जो लोग असल में टैक्स चुकाते हैं, उनकी संख्या में वैसा कोई उछाल नहीं देखा गया है। अगर देश के विभिन्न हिस्सों से चुकाए गए आय कर पर गौर करें, तो आमदनी क्षेत्रीय विषमता की भी कहानी इन आंकड़ों से सामने आती है। तो हकीकत यह है कि 140 करोड़ की आबादी में देश में सिर्फ लगभग सवा दो करोड़ लोग ऐसे हैं, जिनकी सालाना आमदनी पांच लाख रुपए (डिडक्शन की गणना करें, तो मोटे तौर पर सात लाख रुपए) तक पहुंचती है। जिस देश में दो प्रतिशत से भी आबादी की आय औसतन 50 हजार या उससे ऊपर हो, वह सचमुच कितनी बड़ी आर्थिक शक्ति होने का दावा करने की स्थिति में है- इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। अफसोसनाक यह है कि देश में आम जन की आय कैसे बढ़े, यह सवाल फिलहाल राष्ट्रीय एजेंडे में भी कहीं नहीं है।

## जी-20 के समय घरों में बंद रहेंगे लोग!

ऐसा लग रहा है कि सितंबर में जी-20 की बैठक के समय आधी से ज्यादा दिल्ली घरों में बंद रहेगी। कर्फ्यू जैसे हालात हो सकते हैं। बताया जा रहा है कि मध्य दिल्ली और दक्षिणी दिल्ली का कुछ हिस्सा लगभग पूरी तरह से बंद हो सकता है। लोगों की आवाजाही को बहुत हद तक सीमित कर दिया जाएगा। बेहद जरूरी सेवाएं जारी रहेंगी और उन सेवाओं से जुड़े लोगों को भी पास जारी किए जाएंगे। यानी जिन लोगों के लिए पास जारी होगा उनके अलावा दूसरे लोगों का कुछ निश्चित इलाकों में जाना वर्जित होगा। गौरतलब है कि प्रगति मैदान में जी-20 का सम्मेलन नौ और दस सितंबर को होना है। इसमें हिस्सा लेने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन सहित दुनिया के 20 सबसे अमीर देशों के प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति नई दिल्ली आ रहे हैं। इन 20 के अलावा भी कुछ देशों को अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है।

सम्मेलन प्रगति मैदान के नए बने कन्वेंशन सेंटर में होगा। सारे आमंत्रित अतिथि इसके आसपास का पांच सितारा होटलों में रूकेंगे। लुटियंस की दिल्ली में स्थित इम्पीरियल होटल, मैरिडियन, ललित, सांग्रीला के अलावा आईटीसी मौर्य में भी मेहमान रूकेंगे। बताया जा रहा है कि आठ सितंबर से मध्य दिल्ली का पूरा इलाका और दक्षिण दिल्ली के कुछ इलाकों में आवाजाही सीमित कर दी जाएगी। इन इलाकों में बाजार या तो पूरी तरह से बंद रहेंगे या दुकानदारों के लिए पास जारी होंगे। कनॉट प्लेस, बंगाली मार्केट, खान मार्केट आदि के दुकानदारों के लिए पास जारी होंगे। इन इलाकों में सुरक्षा की बेहद कड़ी व्यवस्था की जाएगी। स्कूल, कॉलेज आदि भी बंद करने की बात हो रही है। पहले तो सड़कों पर से आवारा कुत्तों तक को हटाने की बात थी लेकिन बाद में उन्हें छोड़ दिया गया।


> “ रोजगार आर्थिक तरक्की का महत्वपूर्ण पैमाना है। विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए हर हाथ में रोजगार आवश्यक है। इसके लिए शिक्षित युवाओं की खातिर शहरी रोजगार गारंटी योजना को मजबूत बनाया जाना चाहिए। कुछ राज्यों ने ऐसा किया भी है, मगर नजर केंद्र पर है। माना जा रहा है कि अभी 27 करोड़ जरूरतमंद हाथों के पास उचित काम नहीं है।

# ताकि जल्दी बनें तीसरी आर्थिक ताकत

अरुण कुमार, वरिष्ठ अर्थशास्त्री

मंगलवार को लाल किले से अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगले पांच साल में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का वादा फिर से दोहराया। उनके मुताबिक, भ्रष्टाचार पर रोक लगाकर, गरीबों के कल्याण के लिए अधिकाधिक पैसे खर्च करके और की क्षमता बढ़ाकर भारत ने ब्रिटेन को पीछे छोड़ दिया है। निस्संदेह, तीन सबसे बड़ी आर्थिक ताकतों में शामिल होना हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी। मगर इस मंजिल तक पहुंचने के लिए हमें अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। अगर यह मान लें कि अभी हमारी अर्थव्यवस्था 3.5 ट्रिलियन डॉलर की है, तब भी पांच ट्रिलियन डॉलर का लक्ष्य पाने के लिए हमें वास्तविक अर्थों में तकरीबन सात फीसदी की वृद्धि दर पानी होगी। फिर अगर रुपया यूं ही कमजोर होता रहा, तो अपेक्षित वृद्धि दर बढ़कर नौ फीसदी तक हो सकती है। ऐसे में, 4.5 फीसदी की औसत दर से बढ़ रहे भारत के लिए जर्मनी व जापान को पछाड़ना मुश्किल होगा, क्योंकि उनकी सुस्त होती अर्थव्यवस्था भी एक-डेढ़ प्रतिशत की दर से बढ़ेगी ही।

मगर यह लक्ष्य असंभव नहीं है। हां, इसके लिए हमें कुछ ठोस उपाय करने होंगे। हमें यदि विकसित बनना है, तो सबको साथ लेकर चलना होगा। आम लोगों में मांग बढ़े, इसके लिए माइक्रो सेक्टर, यानी सूक्ष्म उद्योग पर विशेष ध्यान देना होगा। इस क्षेत्र में हमारे श्रम-बल का 48 फीसदी हिस्सा काम करता है, और यहां की स्थिति कैसी है, इसका खुलासा खुद प्रधानमंत्री के बयान से होता है। 'ई-श्रम' पोर्टल के हवाले से उन्होंने बताया था कि पिछले साल नवंबर तक करीब 28 करोड़ लोगों ने अपना निबंधन यहां कराया था, जिनमें से 94 प्रतिशत की आमदनी मासिक 10,000 रुपये से कम थी। विश्व बैंक के मुताबिक, 2.15 डॉलर तक प्रतिदिन कमाने वाला शख्स गरीबी रेखा के नीचे माना जाता है। अगर इसे भारतीय रुपये में प्रति परिवार के आधार पर बांट दें, तो यह आंकड़ा महीने का करीब 26 हजार रुपये है। क्रय शक्ति समता (पीपीपी) के पैमाने यह रकम करीब नौ हजार रुपये होगी। इस लिहाज से असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले तमाम लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवन जीने को अभिशप्त हैं।



इस तस्वीर को बदलने के लिए सूक्ष्म उद्योगों को मदद देनी होगी। उनको कर्ज बांटना होगा, मार्केटिंग का तरीका बताना होगा और तकनीक आदि मुहैया करानी होगी। माइक्रो सेक्टर में औसतन 1.7 रोजगार है, यानी एक सूक्ष्म उद्योग में दो लोगों को भी काम नहीं मिलता। लिहाजा, उनके लिए अपने तईं मार्केटिंग या तकनीक पर काम करना मुश्किल है। दिक्कत यह भी है कि सरकार सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योगों के लिए जो घोषणाएं करती है, उसका अधिकाधिक लाभ मध्यम श्रेणी के उद्योग उठा ले जाते हैं। सूक्ष्म एवं लघु उद्योग ऐसे प्रयासों से वंचित न हो सकें, इसके लिए जगह-जगह कॉपरेटिव बनाना कारगर होगा। ऐसी संस्थाओं के माध्यम से सूक्ष्म व लघु उद्योग को जरूरी सुविधाएं पहुंचाई जा सकती हैं।

इसी तरह कृषि पर भी गौर करना होगा। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी मिलनी ही चाहिए। चूंकि किसानी अब घाटे का सौदा बनती जा रही है, इसलिए किसान एमएसपी को तार्किक बनाने और स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने की मांग करते हैं। इनकी सुध लेना जरूरी है, क्योंकि देश की 46 फीसदी आबादी अब भी खेती-किसानी और इससे जुड़े कामकाज पर निर्भर है।

रोजगार आर्थिक तरक्की का महत्वपूर्ण पैमाना है। विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए हर हाथ में रोजगार आवश्यक है। इसके लिए शिक्षित युवाओं की खातिर शहरी रोजगार गारंटी योजना को मजबूत बनाया जाना चाहिए। कुछ राज्यों ने ऐसा किया भी है, मगर नजर केंद्र पर है। माना जा रहा है कि अभी 27 करोड़ जरूरतमंद हाथों के पास उचित काम नहीं है। अगर हम इनके लिए पर्याप्त रोजगार की व्यवस्था कर सकें, तो सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 16 फीसदी तक की वृद्धि हो सकती है।

यह सही हैकि सबके लिए सरकारी नौकरी संभव नहीं है। अभी देश में 43 करोड़ कामगार हैं, जिनमें से करीब तीन फीसदी, यानी 1.8 करोड़ कर्मी ही सरकारी या सार्वजनिक क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। बहुत प्रयास के बाद भी इनकी हिस्सेदारी चार या पांच फीसदी तक बढ़ाई जा सकती है, लिहाजा, सरकार ऐसा माहौल बनाए कि सूक्ष्म व कृषि क्षेत्र में स्फूर्ति आए। इसमें विकास की रोशनी सभी वर्गों तक बराबर पहुंचेगी।

भारत में करीब छह हजार बड़े उद्योग हैं, तो छह लाख के आसपास मध्यम व लघु उद्योग और छह करोड़ सूक्ष्म उद्योग। सरकार कारोबारियों के हित में जो भी कदम उठाती है, वह दरअसल बड़े औद्योगिक घरानों के खाते में चली जाती है। चूंकि कोरोना के बाद असंगठित क्षेत्र की मांग शिफ्ट होकर संगठित क्षेत्र के पाले में चली गई है, इसलिए असंगठित क्षेत्र पर ध्यान देना उचित होगा। जीएसटी ने इस क्षेत्र को ध्वस्त कर दिया है। बेशक यह कर अनौपचारिक क्षेत्र पर लागू नहीं होता, पर इनपुट क्रेडिट जैसे लाभ की वजह से संगठित क्षेत्र का माल सस्ता हो जाता है, जिसका नुकसान असंगठित क्षेत्र को हो रहा है। इससे बचने के लिए आखिरी पड़ाव पर जीएसटी लगना चाहिए, ताकि इनपुट क्रेडिट जैसी व्यवस्था ही न रहे।

अमीरों के देश छोड़ने का भी हमें नुकसान हो रहा है। यह कारोबारी माहौल के खराब होने के कारण हुआ है। 2014-19 के बीच करीब 23 हजार धनाढ्यों ने देश छोड़ा। 2019 में पांच हजार, और 2021-22 में करीब 6,500 ने ऐसा किया। उनके बिजनेस कॉन्फिडेंस को संभालना जरूरी है, तभी जरूरी विकास दर हासिल की जा सकेगी।

यहां तकनीक भी एक महत्वपूर्ण घटक है, जिसमें हम पिछड़ रहे हैं। हम जीडीपी का 0.7 प्रतिशत ही रिसर्च ऐंड डेवलपमेंट पर खर्च करते हैं, जबकि कोरिया (तीन प्रतिशत) और इजरायल (चार प्रतिशत) जैसे देश भी हमसे आगे हैं। चूंकि बेहतर तकनीक की वजह से अन्य देशों के उत्पाद सस्ते हो जाते हैं, इसलिए हमारा उद्योग प्रतिस्पर्द्धा में टिक नहीं पाता। इसलिए हमें खुद अपनी तकनीक विकसित करनी चाहिए। कुल मिलाकर, एक लंबा रास्ता अभी तय करना बाकी है। बड़ी ही नहीं, हर छोटी बात का ख्याल रखना आवश्यक होगा। जाहिर है, एक समग्र नीति ही हमें शीर्ष तीन आर्थिक ताकतों में शामिल करेगी।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# प्रधानमंत्री ने लाल किले से दिया आगे बढ़ने का हौसला

सायना नेहवाल, ओलंपिक पदक विजेता

दस वर्ष से 15 अगस्त के दिन लाल किले के प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन को सुनना एवं उनके आह्वान को अपने जीवन में उतारना हमेशा से मुझे अच्छा लगता है। उनका यह उद्बोधन कई मायनों में अलग होता है। इसमें भारत के आत्मविश्वास की झलक मिलती है, चुनौतियों से पार पाने का मार्गदर्शन मिलता है और आगे बढ़ने का हौसला मिलता है। कभी हार न मानना और हमेशा देश को आगे ले जाने के उनके संकल्प ने देश के करोड़ों लोगों में एक नया आत्मविश्वास पैदा किया है। देश के हर नागरिक को विश्वास है कि देश सही रास्ते पर है और उसे आगे बढ़ने से अब कोई नहीं रोक सकता, क्योंकि यही समय है, सही समय है।

जब 2014 में नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने थे, तब उन्होंने सबसे पहले देश की जरूरतों को समझा, समस्याओं को समझा और तब एक-एक कर देश को समस्याओं से निजात दिलाने का बीड़ा उठाया। 2015 में मैं जब प्रधानमंत्री से मिली थी, तब उन्होंने मुझे परिवार के सदस्य जैसा महसूस कराया था। मुझे आश्चर्य हुआ कि वह मेरे परिवार और मेरे खेल के बारे में इतने व्यापक रूप से जानते थे, जैसे वह मेरे परिवार के सदस्य हों। उनका यही भाव मुझे उनके स्वतंत्रता दिवस के भाषण में दिखा, जब उन्होंने देशवासियों को परिवार-जन कहकर संबोधित किया। उनके लिए सभी देशवासी परिजन हैं, यही तो उन्हें औरों से अलग बनाता है।



प्रधानमंत्री के उद्बोधन में देश की युवा शक्ति के सामर्थ्य की झलक दिखी। युवा शक्ति राष्ट्र का प्राण तत्व है और यही शक्ति भारत की प्रेरक-शक्ति है, जिसके सामर्थ्य और जिसकी क्षमता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एकजुट कर देश के नवनिर्माण में लगाया है। तभी तो सुदूर दूसरे देशों में भी बैठा युवा आज अपने आप को अपनी मिट्टी से जुड़ा हुआ पाता है। निस्संदेह यह सदी भारत के युवाओं की सदी है।

यह इतिहास का एक विशेष समय है। वर्तमान युवा पीढ़ी के पास वैश्विक परिदृश्य पर भारत के लिए प्रभाव डालने के असीमित अवसर हैं। युवाओं के दम पर भारतीय स्टार्ट-अप्स और यूनिकॉर्न्स की सफलता को देख दुनिया अचंभित है।

देश में खेल को बढ़ावा देने में भी हमारे प्रधानमंत्री का योगदान अमूल्य रहा है। प्रधानमंत्री हमारी हौसला-अफजाई भी करते हैं, हमारे आंसू भी पोंछते हैं, हमारी जीत पर खुश भी होते हैं और हार पर आगे बढ़ने की सीख भी देते हैं। प्रधानमंत्री का अपने खिलाड़ियों के लिए यह भाव वास्तव में अद्भुत है। खेलो इंडिया, खेल महाकुंभ उनकी ही सोच है, जिनसे आज युवा खिलाड़ियों का भाग्य बदल रहा है। अपने लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात में भी वह अक्सर खेल और खिलाड़ियों की चर्चा करते हैं। उन्होंने सफलता के लिए कभी कोई शॉर्टकट न लेने की सीख हमें दी है।

नरेंद्र मोदी सरकार के शासन का सूत्र है - राष्ट्र प्रथम, गरीब कल्याण, सेवा और सुशासन। सरकार ने इन चारों सूत्रों को चरितार्थ कर दिखाया है। हम देशवासियों को उनके नेतृत्व में अब देश के विकास को ऐसा नया मोड़ देना है, ताकि भारत पंच प्रण को साकार करता हुआ 2047 के लक्ष्य को प्राप्त कर सके। आने वाले हजार साल का भविष्य देश के युवाओं के हाथ में है।

आज मातृशक्ति हर क्षेत्र में आगे आ रही है, चाहे वैज्ञानिक हों या लखपति दीदी, भारत में महिलाएं विकास का नया इतिहास रच रही हैं। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण की शुरुआत में ही मणिपुर का उल्लेख किया और मणिपुर के लोगों के प्रति स्पष्ट एकजुटता व्यक्त की।

यह पहली बार है कि किसी प्रधानमंत्री ने लाल किले के प्राचीर से देश के श्रमवीरों का सम्मान किया हो। प्रधानमंत्री अपने कार्यकाल में गठित मंत्रालयों के माध्यम से सरकार की कार्य-संस्कृति की झलक देते हैं, चाहे वह कौशल विकास मंत्रालय हो, जल शक्ति मंत्रालय हो, मत्स्य पालन, सहकारिता मंत्रालय या आयुष मंत्रालय हो। अब छोटे शहर और गांव सफलता की नई कहानियां लिख रहे हैं। हमें आगे बढ़ने से अब कोई नहीं रोक सकता। कुल मिलाकर, प्रधानमंत्री का यह भाषण कई मायनों में ऐतिहासिक था। इसमें आने वाले समय के लिए भारत के आत्मविश्वास की संपूर्ण झलक दिखी है।

**( ये लेखिका के अपने विचार हैं )**

# अकेलेपन के संत्रास से खोखला होता समाज

अविजीत पाठक

जाति-पाति में बंटा एक समाज, जैसा कि हमारा है, अनेकानेक समस्याओं और विद्रूपताओं का घर होता है- गरीबी से लेकर बहुत ज्यादा आर्थिक-सामाजिक असमानता से लेकर, धार्मिक टकराव से लेकर पितृसत्तात्मक हिंसा तक। लेकिन इन दिनों जो एक सवाल ज्यादातर मुझे अक्सर सालता है 'क्या भारतीय समाज के भिन्न तबकों में बढ़ते अकेलेपन से पैदा हुई मनोस्थिति और वजूद पर संकट की आशंका एक अन्य समस्या नहीं?' या फिर, यूके और जापान के 'मिनिस्टर्स ऑफ लोनलीनेस' के शब्दों में, क्या यह समस्या ज्यादातर अमीर और विकसित मुल्कों की है?

खैर, यहां भारत में हम यह दिखावा जारी रख सकते हैं कि परिवार और सगे-संबंधियों से हमारा नाता क्योंकि बहुत मजबूत है, सो इस सामाजिक संबल की वजह से एकाकीपन वैसी गंभीर समस्या नहीं है जिस पर इतनी चिंता की जाए। लेकिन, तथ्य यह है कि हालात तेजी से बदल रहे हैं। और यदि आपकी आंखें सच में खुली हैं और आपके दिल में हमदर्दी है, तो आप इसका मूर्त रूप हमारे बड़े शहरों में फाटक जड़ी कालोनियों में साफ महसूस कर सकते हैं, जब आप वहां 'एकाकियों की भीड़' के पास से गुजरते हैं, तो बुजुर्गों की आंखों में साफ देख सकते हैं कि सुदूर देशों में बसे अपने 'सफल' बच्चों का फोन आने की आस किस कदर है। हां, यहां तक कि उन युवा विद्यार्थियों में भी, जो इस अत्यंत-प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में एक गुमनाम और अदृश्य योद्धा की भांति मिथिकीय सफलता पाने की होड़ में भागे चले जा रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण खोज एवं जनस्वास्थ्य नामक पत्रिका में 2022 में छपे एक अध्ययन के अनुसार भारत में 20.5 फीसदी वयस्क मध्यम दर्जे के अकेलपन से और 13.3 प्रतिशत अति-एकाकीपन से ग्रस्त हैं।



इसके लिए किसी को व्यावसायिक मनोविज्ञान होने की जरूरत नहीं है कि क्यों अकेलापन, जिसका अनुभव अपना वजूद खो बैठे या गुमनामी झेल रहे या विरक्त हुए या फिर वह लोग जो रिश्तों की गर्माइश और देखभाल की नैतिकता के निरंतर ह्रास से खालीपन से भरे हैं- मौजूदा वक्त में एक बड़ा मसला बनता जा रहा है। मिसाल के लिए समय और गति के प्रति बहुत आसक्ति। आज की तेज रफ्तार, मोबाइल फोन और तकनीक चालित दुनिया में घड़ी का हर पल 'उत्पादकता' और 'दक्षता' बढ़ाने के लिए 'उपयोगिता मूल्य' का सोपान बन चुका है। किसी के पास वह करने की फुर्सत नहीं जो नव-उदारवादी एवं वैश्विक पूंजीवाद के पैमाने पर 'गैर-उत्पादक' प्रयोजन है, मसलन, दोस्त का दोस्त से मिलना और स्वार्थ रहित संवाद या घड़ी-मोबाइल फोन पर नजरें गड़ाए बिना बुजुर्ग माता-पिता से आत्मीय बातचीत या पड़ोसी से साथ बैठकर चाय पीना, क्रिकेट और मौसम जैसे सतही विषयों या नकली बातों से इतर गप्प-शप लड़ाना, रुचिकर हंसी-मजाक करना।

कोई हैरानी नहीं, हर चीज जल्दबाजी में करने की हमारी हड़बड़ाहट या समय प्रबंधन के प्रति अत्यधिक आसक्ति ने इस युग की गति को और तीव्र कर डाला है। देखा जाए तो 'हमारे तेज उच्चमार्ग, हवाई अड्डे, हमारे मेट्रो स्टेशन' पर इतराना एक प्रकार की बीमारी का द्योतक हैं। बढ़ी हुई मानसिक हरारत के साथ, हम भागम-भाग में लगे हैं, रुककर सोचने-समझने का वक्त नहीं है, न ही प्रकृति का आनंद लेने या हल्का-फुल्का और तनाव मुक्त महसूस करने का। फास्ट फूड से लेकर डेटिंग एप्लीकेशन्स तक, जीवन के तमाम पहलुओं को जितना हो सके तेजी से हड़प लो। रिश्तों के लिए समय चाहिए होता है, इसके लिए ध्यान, परस्पर देखभाल और सहजता जरूरी है। लेकिन हमारी तरजीहों का क्रम उल्टा है, तभी हम ज्यादा-से-ज्यादा अकेले पड़ते जा रहे हैं। उदाहरणार्थ मुम्बई के चर्चगेट स्टेशन या फिर दिल्ली के राजीव चौक मेट्रो स्टेशन की भीड़ में ही नहीं, पूरे सफर में किसी सहयात्री से एक भी शब्द साझा किए बगैर सफर करना या फिर फाटक लगी कालोनी में 1000 वर्ग फुट का आलीशान घर है लेकिन पड़ोस में किसी से जान-पहचान तक नहीं। फैंसी नामधारी और गेट वाली ऐसी कालोनियों में बेशक तमाम सुविधाएं होती हैं- चौबीसों घंटे चौकीदार, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, कार के लिए निर्दिष्ट जगह, क्लब और स्वीमिंग पूल इत्यादि। फिर भी शायद ही कहीं पड़ोसियों के बीच आत्मीय नाता हो, ज्यादातर का तो नाम तक नहीं जानते, कालोनी के रजिस्टर में या आस-पड़ोस के लोगों के बीच आपकी पहचान घर के नंबर से है। अपनी उम्दा कार, शानदार घर या ऊंचे पद के दंभ भरे दिखावे के बीच खुलकर संवाद का भाव नदारद है।

विडंबना देखिए, इंटरनेट और स्मार्टफोन के इस युग में, हम अपने फॉलोवर्स या सबस्क्राइबर्स से तुरंत जुड़ जाते हैं, फेसबुक पर ढेरों मित्र होने से हो सकता है अपनी हैसियत का अनुभव हो। फिर भी, इस आभासीय डिजिटल रिश्तों के बीच, प्रियजनों से आमने-सामने बैठकर बातें करने का जो मजा है वह लुप्त हो गया है। जैसे-जैसे आभासीय वास्तविकता हमारे वजूद को घेरती जा रही है वैसे-वैसे हम समाज से कटते जा रहे हैं। यही वजह है कि खाने की मेज पर भी बच्चे और बड़े अपने-अपने स्मार्टफोन में खोए रहते हैं? इंस्टाग्राम पर अपनी पोस्ट पर और अधिक लाइक पाने की ललक में हम असली इंसानों की सोहबत खोते जा रहे हैं।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट,
दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of
Musical Instrument
Sales & Repair

DURG:-
Near Tarun Adlabs
Station Road, Durg (C.G.)
Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:-
Near Manju Mamta
Reaustaurant, M.G. Road
Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति
मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के
बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### निर्वाचन के लिए जिन अधिकारियों को जिम्मेदारी मिली है, उसका गंभीरता पूर्वक निर्वहन करें : कलेक्टर

**रायपुर।** समयसीमा की बैठक में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि आगामी निर्वाचन के लिए जिन अधिकारियों को जिम्मेदारी मिली है उसका गंभीरता पूर्वक निर्वहन करें। प्रत्येक मतदान केन्द्र में अनिवार्य रूप से रैंप ,महिला पुरूष के पृथक-पृथक शौचालय और पेयजल की व्यवस्था करें। साथ ही यह ध्यान रखें की एक साथ अधिक वोटर मतदान करने के लिए आ जाएं तो ऐसी स्थिति के लिए संबंधित मतदान केन्द्र में पुख्ता इंतजाम हो। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों में संबंधित विभाग फर्नीचर, टेंट इत्यादि की व्यवस्था करने की कार्ययोजना तैयार कर लें। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा भेंट मुलाकात सहित अन्य कार्यक्रमों में की गई घोषणा की समीक्षा की और कहा कि सभी संबंधित विभाग घोषणाओं को समय सीमा के भीतर पूर्ण करें। डॉ भुरे ने कहा कि विभिन्न हाईवे तथा अन्य सड़कों पर विचरण करने वाले पशुओं में रेडियम बेल्ट लगाने का कार्य निरंतर करें ताकि सड़क दुर्घटनाओं में अंकुश लग सकें। कहा कि आवारा पशुओं को पकड़ कर कांजी हाउस और गौठानों में शिफ्ट करें और पशु मालिकों पर जुर्माना करें। बैठक में नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर एन.आर साहु, बी.बी पंचभाई और बी.सी साहु सहित सभी एसडीएम तथा संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### 20 से जिले के सभी ग्राम पंचायतों में होगा ग्राम सभा का आयोजन

**सूरजपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा-6 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में 20 अगस्त 2023 से ग्राम पंचायतों के समस्त ग्रामों में ग्राम सभा आयोजित करने का आदेश जारी किया है। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 129 (ख) (3) के तहत् गणपूर्ति के साथ-साथ ग्राम सभा में सदस्यों की शत-प्रतिशत उपस्थिति करवाने का दायित्व सरपंच, पंच एवं सचिव का होगा। ग्राम सभा का एजेण्डा निम्नानुसार होगा, ग्राम सभा की पूर्व बैठक में पारित संकल्पों के क्रियान्वयन संबंधी पालन प्रतिवेदन, पंचायतों के विगत तिमाही के आय-व्यय की समीक्षा एवं अनुमोदन की जाये, पिछली छमाही में विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत कार्य के नाम प्राप्त राशि स्वीकृत राशि व्यय राशि एवं कार्य की अद्यतन स्थिति का वाचन किया जाये, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत ग्राम पंचायतों में ग्रामीण परिवारों द्वारा रोजगार की मांग तथा उपलब्ध कराये गये रोजगार की स्थिति की समीक्षा की जाये, ग्राम गौठानों के प्रबंधन एवं संचालन के संबंध में चर्चा की जाये, सुराजी ग्राम योजना के तहत् नरवा, गरुवा, घुरवा एवं बाड़ी से संबंधित कार्यों की प्रगति के संबंध में चर्चा की जाये, संचालित पेंशन योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण एवं हितग्राहियों का सत्यापन के संबंध में कार्यवाही किया जाये।

### कोरिया का झुमका जलाशय बनेगा पर्यटन केन्द्र

# पहली बार छत्तीसगढ़ में शिकारा बोट का आनंद ले सकेंगे लोग

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कोरिया।** प्रकृति के गोद में बसे और हरियाली की चादर से ढंके छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले के झुमका जलाशय शीघ्र पर्यटन के मानचित्र में शामिल होगा। कोरबा लोकसभा सांसद ज्योत्सना चरण दास महंत ने झुमका जलाशय पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए हाऊस बोट, शिकारा बोट निर्माण का भूमिपूजन किया। जिला प्रशासन कोरिया ने पर्यटन की असीम संभावनाओं से भरे झुमका जलाशय को पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने के लिए अनेक कार्य योजना तैयार की है ताकि जिले और छत्तीसगढ़ सहित देश के पर्यटक भी बड़ी संख्या में झुमका बांध पहुंच सके।

बता दें कि 350 हेक्टेयर में फैले झुमका बांध को देखने यहां पर्यटकों का तांता लगा रहता है। विगत वर्ष 'झुमका महोत्सव' धूमधाम से मनाया गया था। जिसमें जिले सहित आसपास के हजारों पर्यटक यहां पहुंचे हुए थे। झुमका जलाशय के लिए लगभग तीन करोड़ रुपए की लागत से दो हाउस बोट एवं पांच शिकारा बोट का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा कि यह हम सबके लिए गौरव की बात है कि प्रकृति की इस अनमोल धरा पर अब संभवतः छत्तीसगढ़ का पहला शिकारा बोट इस झुमका जलाशय में होगा।

सांसद महंत ने यह भी कहा अब कश्मीर, केरल जाने के बजाय कोरिया आकर शिकारा बोट का लुफ्त उठाएंगे। साथ ही यह झुमका जलाशय बालीवुड व छालीवुड के लिए भी काफी उपयोगी साबित होगी, उन्होंने हेलीपेड भी बनाने की बात कही ताकि देश के अलग-अलग राज्यों से बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंच सके। भूमिपूजन के अवसर पर कोरिया जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदान्ती तिवारी, पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी नगर के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि प्रतीक गुप्ता, योगेश शुक्ला, नजीर अहमद, अशोक जायसवाल, अनिल जायसवाल, अन्नपूर्णा सिंह, संगीता राजवाड़े, चन्द्रप्रकाश राजवाड़े, विनोद शर्मा, एसडीएम अंकिता सोम, डिप्टी कलेक्टर राकेश कुमार साहू, विनय कुमार कश्यप, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता ए टोप्पो आदि उपस्थित रहे।

#### जानिए क्या है शिकारा बोट

शिकारा एक प्रकार की लकड़ी की नाव है, जो मुख्यत: जम्मू और कश्मीर के श्रीनगर शहर की डल झील में प्रयोग में लाई जाती है। जम्मू कश्मीर के अलावा शिकारे जैसी नावें केरल राज्य में भी प्रयोग की जाती है। भूमिपूजन के अवसर पर संसदीय सचिव अंबिका सिंहदेव ने कहा कि झुमका जलाशय में पर्यटकों के लिए तमाम सुविधा उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ऐसे में यहां के रखरखाव की जिम्मेदारी हम सबकी है। जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि इस खूबसूरत झुमका जलाशय में जो विकास कार्यों की भूमिपूजन हो रहा है, वह कोरियावासियों को समर्पित हैं। हाउस बोट एवं शिकारा बोट हो जाने से छत्तीसगढ़ व देश के पर्यटक भी बड़ी संख्या में यहां आएंगे साथ ही उन्होंने यह भी कि स्थानीय लोगों को ही रोजगार दिया जाएगा। झुमका बांध में बांस से बने रेस्टोरेंट, शुलभ शौचालय, बच्चों के लिए खेल मैदान, आइसलैण्ड, उद्यान, मोटर बोट आदि सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

## बिजली को लेकर भाजपाई घड़ियाली आंसू बहा रहे-कांग्रेस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** बिजली बिल को लेकर भाजपा के बयान को कांग्रेस ने मुद्दाविहीन भाजपा का प्रलाप बताया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि बिजली को लेकर भाजपाई घडियाली आंसू बहा रहे है। जिस वीसीए की बढ़ोतरी को लेकर भाजपाई बयानबाजी कर रहे वह कोयले, डीजल के दामों की कम-ज्यादा होने के आधार पर कम-ज्यादा किया जाता है। राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद वीसीए में 5 बार कमी हुई है तथा 3 बार बढ़ोतरी हुई।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि रमन राज में 15 साल में 18 बार बिजली की दरें बढ़ाई गई। रमन सरकार बनने के बाद से विदाई तक 2004-05 से 3 रूपया 27 पैसे से 2018 तक बढ़ाकर 6 रूपया 20 पैसा प्रति यूनिट किया अर्थात 90 प्रतिशत प्रतिवर्ष बिजली के दाम में बढ़ोतरी हुई थी। भूपेश सरकार के साढ़े 4 साल में 6 रूपए 20 पैसा से 6 रूपया 22 पैसा केवल दो पैसे की मामूली वृद्धि साढ़े 4 साल में औसत वृद्धि 0.71 प्रतिशत प्रतिवर्ष। वेरिएबल कॉस्ट में वृद्धि का कारण मोदी का अडानी प्रेम और डीजल पर अनियंत्रित मुनाफाखोरी के साथ महंगाई के चलते बढ़ता परिवहन और कोयले पर मोदी सरकार द्वारा 8 गुना ग्रीन सेस में वृद्धि है। मोदी निर्मित महंगाई के चलते कोयले के परचेज कास्ट में वृद्धि 25 प्रतिशत, रेल भाड़ा 41 प्रतिशत, सड़क परिवहन 11 प्रतिशत, ग्रीन एनर्जी सेस 11 प्रतिशत अन्य वेरिएबल कास्ट में वृद्धि 12 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई जिसके कारण विद्युत कंपनी को वीसीए मजबूरी में बढ़ाना पड़ा।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस सरकार केन्द्र सरकार की तमाम अवरोधों के बावजूद अपने राज्य के उपभोक्ताओं को सस्ते दर में बिजली देने को प्रतिब्द्ध है। छत्तीसगढ़ में देश की सबसे सस्ती बिजली बिल मिलती है।

कांग्रेस सरकार 400 यूनिट तक की बिजली का दाम आधा ही लेती है। 44 लाख उपभोक्तओं को 400 यूनिट तक बिजली आधे दाम में मिल रही है। देश की अकेली राज्य सरकार भूपेश सरकार है जो 400 यूनिट तक बिजली आधे दाम में दे रही है। मामूली बढ़ोत्तरी के बावजूद देश में सबसे सस्ती बिजली छत्तीसगढ़ में है। देश भर के भाजपा शासित राज्यों यूपी, एमपी जैसे राज्यों में तो जनता को बमुश्किल 15 घंटे बिजली मिलती है।

## सांसद ज्योत्सना महंत के हाथों छत्तीसगढ़ महतारी की भव्य प्रतिमा का हुआ अनावरण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कोरिया।** कलेक्टरेट परिसर में कोरबा लोकसभा के सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने छत्तीसगढ़ महतारी की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, आस्था, परम्परा, पारंपरिक खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए अनेक उपाय किए हैं। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़वासियों की भावनाओं के ध्यान में रखते हुए प्रदेश के सभी जिला कलेक्ट्रेट परिसर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापित की जा रही है।

कोरिया जिला कलेक्टरेट परिसर में लोकसभा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण करते हुए कहा कि यह मातृशक्ति की धरती है, यह माता कौशल्या की धरती है, मुझे खुशी है कि जिला प्रशासन ने कलेक्टरेट परिसर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापित की है। श्रीमती महंत ने कहा कि यह प्रसन्नता कि बात है कि इस परिसर में अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित है, अब वहीं छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा भी स्थापित हो गई है।

इस अनावरण अवसर पर संसदीय सचिव एवं कोरिया विधायक श्रीमती अम्बिका सिंहदेव, कोरिया जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदान्ती तिवारी, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी नगर के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि प्रतीक गुप्ता, सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

### होलसेल कॉरिडोर को लेकर एनआरडीए के अध्यक्ष एसएस बजाज से मिला चेंबर प्रतिनिधिमंडल

## होलसेल कोरिडोर को लेकर व्यापारियों में भारी उत्साह है प्रस्तावित भूमि में वृद्धि करने की है आवश्यकता

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज होलसेल कॉरिडोर की प्रक्रिया तेज करने एवं प्रस्तावित भूमि में विस्तार करने हेतु चेंबर अध्यक्ष अमर परवानी जी के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने एनआरडीए अध्यक्ष एसएस बजाज जी से मुलाकात की जिसमे डॉ. राकेश गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित थे। चेंबर अध्यक्षअमर पारवानी ने बताया कि होलसेल कॉरिडोर को लेकर एनआरडीए के अध्यक्ष एस एस बजाज से चैंबर प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की तथा होलसेल कोरिडोर को मूर्त रूप प्रदान करने हेतु आगामी प्रक्रियाओं को शीघ्रता शीघ्र पूरा करने निवेदन किया।

श्री पारवानी जी ने आगे बताया कि होलसेल कॉरिडोर हेतु प्रदेश सरकार द्वारा 1000 एकड़ भूमि का लैंड यूज चेंज किया गया है जिसके लिए हम मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का प्रदेश के समस्त व्यापारियों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। बैठक में एस एस बजाज को यह भी अवगत कराया गया कि होलसेल कोरिडोर को लेकर व्यापारियों में बहुत उत्साह है एवं वर्तमान में चेंबर के पास 8000 से अधिक व्यापारियों के आवेदन प्राप्त हुए है जिसके लिए लगभग 1300 एकड़ भूमि की आव्यश्यकता होगी। होलसेल कॉरिडोर के बनने से लगभग डेढ़ से दो लाख लोगों को रोजगार मिलेगा और छत्तीसगढ़ देश के सबसे बड़े ट्रेडिंग हब के रूप में जाना जाएगा।

बैठक में बजाज ने उक्त चर्चा पर सकारात्मकता दिखाते हुए कहा कि हम होलसेल कॉरिडोर को प्राथमिकता के तौर पर क्रियान्वित करेंगे। इस अवसर पर चेंबर अध्यक्ष अमर परवानी, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल, राम मंधान, उपाध्यक्ष टी श्रीनिवास रेड्डी, मंत्री निलेश मूंदड़ा, शंकर बजाज एवं डॉ. राकेश गुप्ता सहित विभिन्न पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### कैट द्वारा त्यौहारों सीजन में चीनी सामान के बहिष्कार आह्वान

# चीन को होगा 1 लाख करोड़ के व्यापार का नुक़सान - अमर पारवानी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्र सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आगामी 30 अगस्त राखी त्यौहार से लेकर दिवाली पर्व जो 24 नवम्बर को तुलसी विवाह के साथ संपन्न होगा ।

चीनी सामान के पूर्ण बहिष्कार का आह्वान आज कन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने किया और उम्मीद है की इस बहिष्कार से चीन को त्यौहारों सामान के इंपोर्ट न होने से लगभग 1 लाख करोड़ के व्यापार का नुक़सान होगा। पिछले वर्ष यह नुक़सान लगभग 75 हज़ार करोड़ रुपये का था। कैट को उम्मीद है कि इस त्यौहार अवधि में उपभोक्ताओं द्वारा खर्च के माध्यम से अर्थव्यवस्था में लगभग 3 लाख करोड़ रुपये की पूँजी का प्रवाह हो सकता है। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने कहा कि पिछले साल की तरह इस साल भी देश के व्यापारियों एवं आयातकों ने चीन से त्यौहारों सामान का आयात बंद कर दिया है। उन्होंने कहा की सरकार के आत्मनिर्भर भारत एवं मेड इन इंडिया के आशावान के अनुसरण में देश भर के व्यापारियों ने चीनी सामान न बेचने का निर्णय लिया है वहीं दूसरा महत्वपूर्ण बदलाव यह है कि से उपभोक्ता भी अब चीनी सामान खरीदने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं जिसके कारण भारतीय सामान की माँग में वृद्धि हुई है। श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने कहा कि कैट की रिसेर्च शाखा कैट रिसर्च एंड ट्रेड डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा हाल ही में विभिन्न राज्यों के 20 शहरों को जिन्हे कैट ने वितरण शहर का दर्जा दिया हुआ है, में किए गए एक सर्वेक्षण में यह तथ्य सामने आया है की इस वर्ष अभी तक भारतीय व्यापारियों या आयातकों द्वारा दिवाली के सामान, पटाखों या अन्य समान वस्तुओं का कोई ऑर्डर चीन को नहीं दिया गया है और इस साल सभी पर्वों को विशुद्ध रूप से भारतीय त्यौहार के रूप में मनाया जाएगा। ये 20 शहर नई दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई, नागपुर जयपुर, लखनऊ, चंडीगढ़, रायपुर, भुवनेश्वर, कोलकाता, रांची, गुवाहाटी, पटना, चेन्नई, बंगलुरू, हैदराबाद, मदुरै, पांडिचेरी, भोपाल और जम्मू हैं। चीनी सामानों के बहिष्कार का कैट का आह्वान इस वर्ष चीनी व्यापार के लिए एक बड़ा झटका होने वाला है तथा इस मांग की पूर्ती के लिए देश भर के व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों में भारतीय सामान का पर्याप्त बंदोबस्त कर लिया है। पारवानी एवं दोशी ने बताया की प्रमुख रिटेल सेक्टर जैसे एफ़्एमसीजी सामान, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, खिलौने, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल अप्लायंसेज और सामान, किचन के सामान और एक्सेसरीज, गिफ्ट आइटम, पर्सनल कंज्यूमेबल्स, कन्फेक्शनरी आइटम, होम फर्निशिंग, टेपेस्ट्री, बर्तन, बिल्डर्स हार्डवेयर, फुटवियर, घड़ियां, फर्नीचर और फिक्सचर,वस्त्र, फैशन परिधान, कपड़ा, घर की सजावट के सामान, वस्त्र, शुभ-लाभ, ओम जैसे सौभाग्य के प्रतीक, गृह सज्जा के लिए देवी लक्ष्मी एवं अन्य देवी देवताओं के बनाया गए सामान, सजावटी वस्तुएं आदि प्रमुख क्षेत्र हैं। जहां चीनी सामानों के स्थान पर व्यापारियों ने उपभोक्ता की मांगो के अनुरूप भारतीय सामान को पर्याप्त मात्रा में स्टॉक कर लिया हैं।

## जिले में पुस्तक दान महाभियान लगातार जारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने पाठकों की सुविधा के लिए विशेष पहल करते हुए पुस्तक दान महाभियान की शुरुआत की है। जिले में अभियान लगातार जारी है। जिलेवासी अभियान में भाग लेकर लगातार पुस्तक दान कर रहे है। जिले में अभी तक 95 से अधिक लोग 1725 से अधिक किताबे दान कर चुके हैं। लोग लगातार प्रोत्साहित होकर किताब दान कर रहे हैं। इसी तारतम्य में आज अपर कलेक्टर श्री अविनाश भोई, जिला कोषालय अधिकारी बी के तिवारी, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अशोक पाण्डेय, खेल अधिकारी श्याम चंद्राकर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में संकलनकर्ता को पुस्तके दान की। इनमे शैक्षणिक, ज्ञानवर्धक एवं मनोरंजन सहित विभिन्न प्रकार की लगभग 50 किताबे थी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री भोई ने सभी अधिकारी कर्मचारियों को अपने पास रखे हुए पढने योग्य पुरानी किताबों को दान करने की अपील की। जिसे लाइब्रेरी में रखकर जरूरत मंद लोगों को पढने के लिए दिया जा सके।

उल्लेखनीय है की 14 अगस्त को कलेक्टर छिकारा ने पुस्तक दान महाभियान की शुरुआत की थी। अभियान के तहत अधिकारी-कर्मचारी सहित आमजन भी अपने पास रखे पढने लायक विभिन्न प्रकार के किताबों को दान कर सकते है।


ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार




होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कम्पनी की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कम्पनी की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कोरबा में नवीन ताप विद्युत संयंत्र की स्थापना एवं छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कम्पनी लिमिटेड की गारेपेलमा सेक्टर-3 खदान से कोयला संबंधित प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंस से आयोजित इस बैठक में ऊर्जा विभाग के सचिव अंकित आनंद, जल संसाधन, वन विभाग, रेल्वे, पीजीसीआईएल एवं राजस्व विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

### राशनकार्ड के सभी सदस्यों का ई-केवाईसी 31 अगस्त तक

**रायपुर।** भारत सरकार के निर्देश पर ''वन नेशन, वन राशन कार्ड योजना'' के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के हितग्राहियों का शत-प्रतिशत ई-केवाईसी की कार्यवाही 31 अगस्त तक 2023 तक किया जाएगा।

'वन नेशन, वन राशन कार्ड योजना' के पूर्ण क्रियान्वयन के लिए राशनकार्ड के सभी सदस्यों के आधार की जानकारी प्रमाणीकृत होना आवश्यक है। राशनकार्ड में हितग्राहियों के आधार की जानकारी गलत दर्ज होने तथा आधार की जानकारी प्रमाणीकृत नहीं होने के कारण खाद्यान्न वितरण में समस्या बनी रहती है। विभागीय डेटाबेस में जिन हितग्राहियों का आधार दर्ज है, उनके आधार की जानकारी का प्रमाणीकरण के लिए ई-केवाईसी की कार्यवाही की जा रही है।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकानों को प्रदान किये गये ई-पॉस उपकरण में ई-केवाईसी की सुविधा उपलब्ध है। ई-केवाईसी की कार्यवाही पूर्णत: नि:शुल्क है। ई-केवाईसी की कार्रवाई के लिए राशनकार्डधारी मुखिया एवं राशनकार्ड में दर्ज सभी सदस्य अपने-अपने आधार नंबर के साथ शासकीय उचित मूल्य दुकान पहुंचेंगे, जिसके बाद ही विक्रेता द्वारा ई-पॉस उपकरण में प्रत्येक सदस्य के आधार नंबर की पृथक-पृथक प्रविष्टि कर उनका फ्रिंगर प्रिंट स्कैन करवाकर ई-केवाईसी की कार्रवाई पूर्ण किया जाएगा।

# अमेरिका में दिखी छत्तीसगढ़ की समृद्ध आदिवासी संस्कृति की झलक

### नाचा ने शिकागो में आयोजित 'इंडिया डे परेड' में जनजाति संस्कृति का किया प्रदर्शन

### मुख्यमंत्री बघेल ने छत्तीसगढ़िया संस्कृति की महक देश-दुनिया तक पहुंचाने के लिए दी बधाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नॉर्थ अमेरिका छत्तीसगढ़ एसोसिएशन (नाचा) ने अमेरिका के शिकागो में भारतीय स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित 'इंडिया डे परेड' के दौरान भारत की समृद्ध आदिवासी सामुदायिक संस्कृति का प्रदर्शन किया। इंडियन कम्युनिटी आउटरीच द्वारा आयोजित परेड में नाचा के सदस्यों ने छत्तीसगढ़ की आदिवासी परंपराओं, लोक जीवन और संस्कृति को दर्शाया। इस अवसर पर उन्होंने छत्तीसगढ़ के आदिवासियों की पारंपरिक वेशभूषा और वाद्य यंत्रों के साथ नृत्य कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वेशभूषा दुर्ग जिले के लोक कलाकार रिखी क्षत्रीय द्वारा तैयार की गई।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अमेरिका में बसे सभी भारतीयों को भारत के 77वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि अपनी माटी की महक और संस्कृति के सात समुंदर पार तक विस्तार से देश-दुनिया भारत की विशेषकर छत्तीसगढ़ की समृद्ध विरासत से परिचित हो सकेगी। इसके लिए नाचा के सदस्य बधाई के पात्र हैं।

नाचा के अध्यक्ष गणेश कर ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि पिछले छह वर्षों से यह परेड छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को विश्व स्तर पर बढ़ावा देने में सहायक रही है। परेड में जनजाति संस्कृति के प्रदर्शन से शिकागो में रहने वाले भारतीय समुदाय के साथ-साथ अमेरिकी नागरिकों को भी बस्तर की संस्कृति को गहराई से अनुभव करने का अवसर मिला, जिसको भरपूर सराहना मिली। उन्होंने बताया कि संयुक्त राज्य अमेरिका के किसी अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत के आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधित्व करने का यह पहला उदाहरण है। कैलिफोर्निया, यूके, डेट्रॉइट और टोरंटो में 15 अगस्त को होने वाले कार्यक्रमों में भी नाचा इसी तरह छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति का प्रचार करेगा।

उल्लेखनीय है कि नाचा, छत्तीसगढ़ के अनिवासी भारतीयों का एक संघ है। नाचा की उत्तरी अमेरिका छत्तीसगढ़ एसोसिएशन और एनआरआई एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के नाम से 19 देशों में उपस्थिति है। यह छत्तीसगढ़ की विरासत, संस्कृति, भाषा और कला को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देता है। भारत के बाहर छत्तीसगढ़ राज्य को बढ़ावा देने के लिए विश्व स्तर पर नाचा को कई सामुदायिक पुरस्कार प्राप्त हुए हैं।

### प्रदेश के गिरजाघरों व मिशन की संस्थाओं में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**रायपुर (ए)।** प्रदेशभर में गिरजाघरों व मिशन की संस्थाओं में आजादी का पर्व मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस पर छत्तीसगढ़ डायसिस में सचिव नितिन लारेंस ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर डायसिस के कोषाध्यक्ष अजय जॉन, सद्य वी. नागराजू व सुपरीटेंडेंट आलोक रंजन चौबे भी मौजूद थे।

सेंट पॉल्स कैथेड्रल में पादरी सुनील कुमार व पादरी सुशील कुमार, सेंट मैथ्यूस चर्च में पादरी असीम प्रकाश विक्रम, सेंट जेकब चर्च जोरा में पादरी अब्राहम दास ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर डीकन मारकुस केजू, रूचि धर्मराज, प्रमोद मसीह, ग्यानमणि पॉल, अगस्टीन दास, वीके कासू, डिकसन बैंजामिन, अर्पणा कुमार, केनस नायक, रजनीश मार्क सालोमन, प्रेम मसीह,नवनीत जॉन, पास्टर कोरी, आदि शामिल हुए। नवा रायपुर में खड़वा में सीएनआई चर्च में डीकन एमआर पतरस व सरपंच येशराम यादव ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर भगवान सिंह कुशवाहा, जॉन राजेश पॉल व ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# जूनोटिक बीमारियों की रोकथाम के लिए राज्य स्तरीय जूनोसिस उप-समिति की बैठक संपन्न




### रेबीज नियंत्रण की रणनीति पर की गई चर्चा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राष्ट्रीय रैबीज नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जूनोटिक बीमारियों की रोकथाम के लिए गठित राज्य स्तरीय जूनोसिस उप-समिति की बैठक आज स्वास्थ्य विभाग के आयुक्त डॉ. सीआर प्रसन्ना की अध्यक्षता में हुई। नवा रायपुर स्थित स्वास्थ्य भवन में आयोजित बैठक में रैबीज नियंत्रण कार्यक्रम के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र गहवई ने राज्य में जूनोटिक बीमारियों की वर्तमान स्थिति तथा इनके रोकथाम एवं नियंत्रण में विभिन्न विभागों की भूमिका की जानकारी दी। उन्होंने जूनोटिक बीमारियों से बचाव के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में भी बताया और इसकी आगामी कार्ययोजना की रूपरेखा प्रस्तुत की।

राज्य स्तरीय जूनोसिस उप-समिति की बैठक में जूनोटिक रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग के आयुक्त डॉ. सीआर प्रसन्ना ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कोई भी जूनोटिक रोग होने पर संबंधित विभाग को सूचना देने तथा जूनोटिक आउटब्रेक होने पर नियंत्रण के लिए आपसी समन्वय से काम करने को कहा। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के साथ ही पशुपालन विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग, पंडित जवाहर लाल नेहरु चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग तथा वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रतिनिधि शामिल हुए।

# रायपुर में आज से शुरू हो रहा सेक्टरवार प्लेसमेंट कैम्प, 23 अगस्त तक पा सकते हैं जॉब

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** जिला प्रशासन रायपुर द्वारा 17 अगस्त से 23 अगस्त 2023 तक रायपुर जिले में सेक्टरवार प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। होटल एवं रेस्टोरेंट सेक्टर के लिए गुरुवार को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सड्डू, रायपुर में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले के माध्यम से होटल एवं रेस्टोरेंट सेक्टर के क्षेत्र से छत्तीसगढ़ रेस्टोरेंट एवं कैफे एसोसियेशन, डोमिनोज पिज्जा, एस्पायर इनोवेशन, होटल ग्रेंड इम्पिरिया, ग्रेण्ड कैनियन, एवं एम्पायर इनोवेशन संस्था द्वारा विभिन्न पदों की भर्ती के लिए यह रोजगार सह कौशल मेला लगाया जाएगा। इन संस्थाओं द्वारा मैनेजर, एकाउंटेंट, कुक, वेटर, किचन हैल्पर, डिलिवरी ब्वाय, स्टोर कीपर, हाउस किपिंग, सिक्यूरिटी गार्ड, स्वीपर, लाउण्ड्री मैन, बैल ब्वाय, गार्डनर, सर्विस ब्वाय, युटिलिटी (बैंगलोर एयरपोर्ट के लिए) के कुल 1662 विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी।




इसी तरह 18 अगस्त को हॉस्पिटल एवं मेडिकल लेबोरेटोरी सेक्टर के लिए पॉलिटेक्निक कॉलेज बैरन बाजार, रायपुर में, 19 अगस्त को औद्योगिक, उत्पादन एवं तकनीकी क्षेत्र सेक्टर के लिए अडवानी आर्लिकन स्कूल बीरगांव, रायपुर में, 22 अगस्त को वित्तीय, सुरक्षा संस्थाएं एवं गैर तकनीकी क्षेत्र सेक्टर के लिए लाईवलीहुड कॉलेज जोरा रायपुर में और 23 अगस्त को स्वरोजगार अवसरों हेतु लोन मेला लाईलीवुड कॉलेज जोरा रायपुर में आयोजित किया गया है। उपरोक्त प्लेसमेंट कैम्प और लोन मेला में सम्मिलित होने के लिए रायपुर रोजगार संगी पोर्टल https://raipurroz-garsangi.com एवं मोबाईल एप के माध्यम से ऑनलाईन पंजीयन करा सकते हैं।

### मिसल बंदोबस्त अब मोबाईल पर

# रायपुर जिले का ऑनलाइन पोर्टल शुरू

### 1929-1945 तक के रिकार्ड ऑनलाइन हुए, डाउनलोड कर प्रिंट भी लिए जा सकेंगे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर जिले वासियों को अब मिसल बंदोबस्त रिकार्ड एक क्लिक पर मोबाईल पर मिल जाएगा। जिला प्रशासन ने रायपुर जिले का मिसल बंदोबस्त ऑनलाइन पोर्टल शुरू कर दिया है। इस पोर्टल से अब लोग आसानी से अपने जमीनों का रिकार्ड मोबाईल पर ही देख सकते है और उसे डाउनलोड कर सकेंगे।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने बताया कि लोगों को अपनी कई दस्तावेजी जरूरतों के लिए वर्ष 1929-1945 के पुराने मिसल बंदोबस्त रिकार्ड की जरूरत पड़ती है और उन्हें इसके लिए कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते है, परन्तु अब यह रिकार्ड ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध है। लोग इसे अब अपने मोबाईल पर ही देख और डाउनलोड कर सकते है। कलेक्टर ने यह भी बताया कि डाउनलोड किए गए दस्तावेज प्रिंट भी लिए जा सकते है।




मोबाईल पर ऐसे मिलेंगे मिसल रिकार्ड- मिसल बंदोबस्त रिकार्ड पोर्टल का लिंक https://revenue.cg.nic.in/missal/ है जिसमें प्रदान की गई व्यवस्था में रिकॉर्ड खोजे ग्राम वार एवं रिकॉर्ड खोजे नाम वार के माध्यम से सामान्य जन अपने कम्प्यूटर या मोबाइल के माध्यम से वर्ष 1929-1945 के अपने रिकॉर्ड आसानी से प्राप्त कर सकते है। मिसल बंदोबस्त रिकार्ड ऑनलाइन चेक करने के लिए सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट https://revenue.cg.nic.in/missal/ पर जाएं। होम पेज पर आपको पूछी गयी जानकारियों जैसे- जिला, तहसील, राजस्व नंबर, प.ह.नं, गांव, अभिलेख का चुनाव करें। सभी पूछी गयी जानकारियों को दर्ज कर के खोजें पर क्लिक कर दें। अब आपकी स्क्रीन पर मिसल बंदोबस्त रिकार्ड लिस्ट खुल जाती है। खुले हुए पेज में नाम ढूंढे और उसके आगे सलेक्ट लिखा होगा वहां क्लिक करें। लाभार्थी लिस्ट को डाउनलोड भी कर सकते हैं व प्रिंट के ऑप्शन पर जा कर प्रिंटआउट भी निकाल सकते हैं।

# प्रदेश सरकार की योजनाओं और छत्तीसगढ़ के पुरोधाओं का प्रदर्शनी के माध्यम से मिल रही रोचक जानकारी

### आजादी की 76वीं वर्षगांठ पर जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित छायाचित्र प्रदर्शनी का लोगो ने किया अवलोकन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के कचहरी चौक स्थित टाउन हॉल में जनसंपर्क विभाग द्वारा आजादी की 76वीं वर्षगांठ पर आयोजित छायाचित्र प्रदर्शनी का आमजन, महाविद्यालयीन छात्र के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं ने अवलोकन किया। ग्रामीण महिलाएं चित्ररेखा देवांगन, प्रमिला साहू और द्रोपदी नायक ने कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से आम लोगो के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी होने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के महान वीर सपूतों के बारे में भी जानकारी हुई। एल एल बी में अध्ययनरत रायपुर निवासी अरविंद वर्मा ने कहा कि प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ से जुड़ी रोचक जानकारी लोगो को आकर्षित कर रही है। इसी तरह तिल्दा की चारु पांडे और महासमुंद की डॉली मार्कण्डेय पीएससी की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता आंदोलनकारियों और शासकीय योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई है। यह जानकारी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।





इस प्रदर्शनी में प्रदेश सरकार के पौने पांच साल की उपलब्धियों एवं देश के स्वतंत्रता आंदोलन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले छत्तीसगढ़ के महान क्रांतिकारियों की स्मृतियों को सुसज्जित ढंग से प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी में आजादी की लड़ाई में छत्तीसगढ़ के क्रांतिकारियों का योगदान और उनके महत्वपूर्ण दस्तावेज, स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान उनकी जीवन यात्रा, जंगल सत्याग्रह, भारत छोड़ो आन्दोलन एवं स्वतन्त्रता आंदोलन से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में उनके योगदानों को प्रदर्शित किया गया है। उनमें प्रमुख रूप से सुराजी गांव योजना, नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन, बेरोजगारी भत्ता योजना आदि प्रमुख रूप से शामिल है। प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर आधारित डाक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन भी प्रदर्शनी स्थल पर किया जा रहा हैं।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई


प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# हेडफोन या ईयरफोनः जानिए दोनों के बीच का अंतर समझ जाएंगे आपके लिए कौन सा है ज्यादा बेहतर

गैजेट फ्रेंडली इस जनरेशन में हर कोई लेटेस्ट गैजेट्स खरीदना चाहता है, चाहे लेटेस्ट फोन हो, ईयरफोन हो या हेडफोन हो आजकल अधिकतर लोग लेटेस्ट गैजेट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कानों में लंबे समय तक ईयरफोन या हेडफोन लगाने से आपको कई नुकसान भी पहुंचा सकता है। ऐसे में अगर आपको ईयरफोन या हेडफोन का इस्तेमाल करना है तो इसमें से कौन सा बेहतर है और किससे आपके कानों को कम नुकसान पहुंचता है, आइए हम आपको बताते हैं।



### ईयरफोन और हेडफोन में अंतर

सबसे पहले आपको बताते हैं कि ईयरफोन और हेडफोन में अंतर क्या होता है? ईयरफोन कान के अंदर पहने जाते हैं, यह वायरलेस हो सकते हैं या बाहर वायर होते हैं और आजकल तो ईयरपॉड्स का भी खूब चलन है, जिसे लोग कानों के अंदर पहनते हैं। वहीं, हेडफोन सिर के ऊपर से लगाए जाते हैं और यह पूरे कान को कवर करते हैं, लेकिन अंदर तक नहीं जाते हैं।

### ईयरफोन बनाम हेडफोन क्या कहते हैं एक्सपर्ट्स

यूं तो ईयरफोन और हेडफोन दोनों ही कानों को नुकसान पहुंचाते हैं और अगर लंबे समय तक इन्हें पहनकर रखा जाए तो इससे नॉइस इंड्यूस्ड हियरिंग लॉस की समस्या भी हो सकती है। लेकिन एक्सपर्ट्स का यह भी कहना है कि ईयरफोन को ईयर केनाल के अंदर डाला जाता है, ऐसे में वह कान में मौजूद वैक्स को गहराई में ढकेल सकता है जिससे कानों में ब्लॉकेज हो सकती है। दूसरा यह सीधे हमारे कानों के पर्दों को प्रभावित करता है, ऐसे में इसकी वॉल्यूम बढ़ाने से कान को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। इतना ही नहीं ईयरफोन को पहनने से कान पूरी तरह से बंद हो जाते हैं जिससे नमी के कारण संक्रमण का खतरा भी बढ़ सकता है।

### ईयरफोन या हेडफोन में से क्या पहने

ईयरफोन या हेडफोन में से हमें क्या पहनना चाहिए इसे लेकर एक्सपर्ट्स का मानना है कि कुछ समय के लिए ईयरफोन की जगह हेडफोन का इस्तेमाल किया जा सकता है, क्योंकि यह कानों के अंदर तक नहीं जाता है, जिससे नमी या नॉइस इंड्यूस्ड हियरिंग की समस्या नहीं होती है। हालांकि, हेडफोन का यूज करते समय इसकी वॉल्यूम अधिकतम 60 प्रतिशत तक ही होनी चाहिए। अगर आपके फोन या लैपटॉप में नॉइस कैंसिलेशन का ऑप्शन है, तो इसे भी आपको इस्तेमाल करना चाहिए।



## पायलट बने ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण फाइटर का मोशन पोस्टर हुआ रिलीज

दीपिका पादुकोण और ऋतिक रोशन साथ में धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। दोनों को साथ में देखने के लिए फैंस कबसे इंतजार कर रहे थे। अब ये इंतजार खत्म होने जा रहा है। दीपिका और ऋतिक साथ में फिल्म फाइटर में नजर आने वाले हैं। आज इस फिल्म का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है। जिसमें ऋतिक, दीपिका और अनिल तीनों इंडियन एयरफोर्स ऑफिसर के लुक में नजर आ रहे हैं। दीपिका ने सोशल मीडिया पर मोशन पोस्टर शेयर किया है। सस्पेंस और उत्साह के बढ़ने के साथ, भारतीय सिनेमाघर अपने आप को फाइटर के रिलीज के लिए तैयार कर रहे हैं, बता दें कि यह एरियल एक्शन के क्षेत्र में देश का पहला प्रयास है। ऐसे में स्वतंत्रता दिवस के साथ, फाइटर के पहले मोशन पोस्टर से पर्दा उठाते हुए अपने पंख फैला दिए हैं, जिसका टाइटल स्पिरिट ऑफ फाइटर है। सावधानी से तैयार किया गया यह टीजर देशभक्ति के उत्साह से गूंजता है, जो राष्ट्र के स्मरणोत्सव की भावनाओं के साथ सहजता से मेल खाता है।

## गदर 2 की कमाई में जबरदस्त उछाल, कारोबार 300 करोड़ रुपये की ओर

सनी देओल की गदर 2 का खुमार दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है। फिल्म ने रिलीज के पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रखा है। पांचवें दिन गदर 2 को स्वतंत्रता दिवस की छुट्टी का फायदा मिला और इसकी कमाई जबरदस्त इजाफा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, गदर 2 ने 5वें दिन को 55.4 करोड़ रुपये का कारोबार किया है, जिसके बाद इसका बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 228.98 करोड़ हो गया है।

गदर 2 ने पहले दिन 40.1 करोड़ रुपये के साथ अपनी शुरुआत की थी, वहीं फिल्म की कमाई में दूसरे दिन इजाफा हुआ और इसने 43.08 करोड़ रुपये कमाए। तीसरे दिन फिल्म 51.7 करोड़ और चौथे दिन 38.7 करोड़ रुपये का कारोबार करने में सफल रही है।इसी के साथ गदर 2 की कमाई 300 करोड़ रुपये की ओर बढ़ रही है।बता दें, टिकट खिड़की पर गदर 2 की टक्कर ओह माय गॉड 2 से हो रही है। गदर 2 की कहानी अमीषा पटेल, उत्कर्ष शर्मा, सिमरत कौर, लव सिन्हा और मनीष वाधवा जैसे सितारों से सजी है। गदर 2 साल 2001 में आई फिल्म गदर का सीक्वल है। 18 करोड़ की लागत में बनी इस फिल्म ने 133 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया था। फिल्म का निर्देशन अनिल शर्मा ने किया था। गदर ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर उपलब्ध है। ऐसी रिपोर्ट्स हैं कि निर्माता इसका अगला भाग भी बनाएंगे।

## फरहान खान की डॉन 3 में नजर आ सकती हैं कियारा आडवाणी, निर्माताओं ने किया संपर्क



**जब से फरहान अख्तर की सुपरहिट फ्रैंचाइजी डॉन के तीसरे भाग डॉन 3 का ऐलान हुआ है, यह चर्चा में है। इसमें रणवीर सिंह अहम भूमिका में नजर आएंगे। ताजा जानकारी के मुताबिक, डॉन 3 में रणवीर के साथ कियारा आडवाणी की जोड़ी बनेगी।**

रिपोर्ट के अनुसार, निर्माताओं ने मुख्य महिला की भूमिका निभाने के लिए कियारा से संपर्क साधना शुरू कर दिया है। फिल्म की शूटिंग 2024 के मध्य में शुरू होगी। हालांकि, खबर की पुष्टि होना बाकी है। सूत्र ने कहा, कियारा को डॉन 3 में मुख्य महिला की भूमिका निभाने के लिए संपर्क किया गया है। अभिनेत्री को कल एक्सेल एंटरटेनमेंट के कार्यालय में देखा गया था। कियारा को फिल्म की कहानी पसंद आ गई है और उन्होंने हामी भी भर दी है। उन्होंने कहा, वह रणवीर के साथ डॉन की इस रोमांचक दुनिया का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हैं, जिनके साथ उन्होंने हमेशा काम करने का सपना देखा है। फिल्म में कियारा नकारात्मक किरदार निभाएंगी।

कियारा को पिछली बार फिल्म सत्यप्रेम की कथा में देखा गया था। इसमें उनकी जोड़ी कार्तिक आर्यन के साथ बनी थी और फिल्म ने बॉक्स ऑफिस 100 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया था। मौजूदा वक्त में कियारा साउथ अभिनेता राम चरण की गेम चेंजर को लेकर चर्चा में हैं। दूसरी ओर, रणवीर निर्देशक रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन में नजर आएंगे। इसके अलावा संजय लीला भंसाली की फिल्म बैजू बावरा भी रणवीर के खाते से जुड़ी है।

## जंप सूट में कहर ढा रही हैं बिग बॉस फेम हिना खान



टीवी एक्ट्रेस हिना खान हमेशा अपने बोल्ड लुक्स के कारण फैंस के बीच चर्चाएं बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक तस्वीरों पर अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट ग्लैमरस तस्वीरें शेयर कर फैंस को अपने हुस्न का दीवाना बना दिया है। एक्ट्रेस हिना खान फैशन आइकॉन हैं। उनका हर एक स्टाइलिश अवतार फैंस के बीच काफी ट्रेंड करता है। हाल ही में हिना खान ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर कर लोगों के दिलों की धड़कनें तेज कर दी हैं। इन तस्वीरों में उनका ग्लैमरस अवतार देखकर एक बार फिर से फैंस के पसीने छूट गए हैं। हिना खान ने अपने इस फोटोशूट के दौरान ऑरेंज कलर का जंपसूट पहना हुआ है, जिसमें वो काफी ग्लैमरस नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस का ये लुक फैंस को काफी पसंद आ रहा है, साथ ही फैंस उनके इस हॉल्टर नेक वाले स्टाइल को फॉलो भी कर रहे हैं। कानों में इयररिंग्स, हाई पोनीटेल, न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने इस लुक पर चार चांद लगा दिया है। हालांकि फैंस का भी उनके इस कातिलाना अंदाज को देखकर दिल मचल गया है। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज शेयर करती हैं तो लोग उनके हर एक लुक पर दिलखोलकर प्यार प्यार लूटाते हैं। बता दें कि एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को शेयर हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 1 लाख से भी ज्यादा लोगों ने लाइक कर दिया है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता

बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### चिरायु दल द्वारा स्कूल जांच में दिव्यांगता के लक्षण वाले बच्चों को लाया गया जिला अस्पताल

**गरियाबंद।** सीडब्ल्यूएसएन (विशेष आवश्यकता वाले बच्चों) योजना अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा विशेष पहल की गई। चिरायु दल द्वारा स्कूलों में स्वास्थ्य जांच परीक्षण उपरांत दिव्यांगता के लक्षण पाये गये बच्चों को आज जिला अस्पताल लाया गया। जिला अस्पताल में बच्चों का स्वास्थ्य जांच कर उन्हें विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं से लाभान्वित किया गया। सीडब्ल्यूएसएन अंतर्गत आयोजित शिविर में कलेक्टर श्री आकाश छिकारा भी शामिल हुए। उन्होंने शिविर में आये बच्चों से बात कर उनका हाल-चाल जाना। साथ ही अच्छे स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र, श्रवण यंत्र सहित अन्य उपकरण प्रदान किया। शिविर में 65 बच्चों को 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किये गये। कुल 110 बच्चों को उपकरण एवं दिव्यांगता प्रमाण प्रदान किया गया। साथ ही सामाज कल्याण विभाग द्वारा छात्रवृत्ति, श्रवण यंत्र उपकरण सहित शिक्षा विभाग द्वारा छात्रवृत्ति, नि:शक्तजन राशन कार्ड एवं अन्य शासकीय योजनाओं से बच्चों को लाभान्वित किया गया। शिविर में सीएमएचओ डॉ. के.सी. उरांव, सिविल सर्जन डॉ. नाग, डीपीएम डॉ सोनल ध्रुव, उप संचालक समाज कल्याण डी.पी. ठाकुर, डीएमसी के.एस. नायक,श्याम चन्द्राकर, मनोज केला, समस्त बी.आर.पी. एवं चिरायु टीम सहित बच्चों के पालकगण मौजूद थे।

### युवा मतदाताओं को मतदान करने दिलाई गई शपथ

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के निर्देशन में जिला नोडल स्वीप व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विश्वदीप की उपस्थिति में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर के पॉम मॉल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में उपस्थित नए एवं युवा मतदाताओं ने भाग लिया। इस दौरान डांस प्रतियोगिता भी रखी गई। मॉल में उपस्थित लोगों को बताया गया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपने मताधिकार काउपयोग किया जाना बहुत जरूरी होता है। निर्वाचन में एक-एक मत का महत्व होता है। हमें अपने मत का उपयोग अवश्य करना चाहिए। जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप ने सभी युवाओं और मतदाताओं को शपथ दिलाते हुए कहा कि मतदाता की सक्रिय भागीदारी से देश का लोकतंत्र मजबूत एवं स्थायी बनता है। आप सभी अच्छे मतदाता का परिचय देते हुए लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाएं। साथ ही किसी भय, प्रलोभन, लालच या बहकावे में आकर मतदान नहीं करें। उन्होंने उपस्थित सभी जन को लोकतंत्र की महत्ता की जानकारी देते हुए बताया कि जनता द्वारा जनता के लिए जनता का शासन ही लोकतंत्र है। किसी भी लोकतंत्र की मजबूती का आधार मतदान है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सभी अपने परिवार सहित आसपास के मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित करें। जिससे वे अपने मताधिकार का उपयोग कर देश के प्रति कर्तव्यों का निर्वहन कर सके एवं लोकतंत्र की मजबूती मे भागीदार बने। उन्होंने सभी को आधुनिक दृष्टिकोण अपनाने एवं अपने मत को व्यर्थ न जाने देकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने हेतु प्रेरित किया।

### निगम क्षेत्र की सड़कों को आवारा पशुओं से मुक्त करने सघन अभियान जारी

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर क्षेत्र की सड़कों को आवारा पशुओं से मुक्त करने सभी 10 जोनों द्वारा तेज गति से सड़क मार्गो में काऊकेचर वाहन एवं कर्मचारियों की विशेष टीम की सहायता से प्रतिदिन निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। आज राजधानी शहर के विभिन्न स्थानों में सड़क मार्गो से काऊ केचर वाहन की सहायता से जोनों के कर्मचारियों की विशेष टीमों ने दिन की दोनों पालियों में अभियान चलाकर लगभग 40 से अधिक आवारा पशुओं की सड़क मार्गो में धरपकड़ की। आज दिनभर एवं रात्रि के दौरान आवारा पशुओं की धरपकड़ के अभियान के तहत जोन 4 की टीम ने पेंषनबाडा, बूढातालाब, राजातालाब, वीरभद्र नगर में 6 आवारा पषुओं की धरपकड़ की । जोन 7 की टीम ने अभियान चलाकर 9 आवारा पषुओं की धरपकड़ कर उन्हें काउकेचर वाहन की सहायता से गौठान में छोड़ा। जबकि जोन 10 की टीम ने कांषी राम नगर कालोनी आवासी क्षेत्र से 5 आवारा पषुओं की धरपकड़ की । जोन 1 की टीम ने खमतराई, भनपुरी सड़क मार्ग से 7 आवारा पषुओं की धरपकड़ कर उन्हें गौठान में छोडा।
नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार सभी जोनों द्वारा पशुपालकों को चिन्हित कर उन्हें बैठक लेकर उन्हें आवारा पशुओ को खुले में नहीं छोडने् एवं बांधकर रखने की निरंतरता से समझाईश दी जा रही है। इसके साथ ही सभी सम्बंधित पशुपालकों को स्पष्ट चेतावनी दी जा रही है कि यदि खुले में आवारा पशु मिले, तो उन्हें पकड़कर कांजी हाउस गौठान, आउटर क्षेत्र में भेज दिया जायेगा।

## केज कल्चर से बढ़ रहा मत्स्य उत्पादन

# मत्स्य बीज उत्पादन में पांचवें और मत्स्य उत्पादन में छठवें स्थान पर है छत्तीसगढ़

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मत्स्य पालन को कृषि का दर्जा दिए जाने से मत्स्य पालकों को ब्याज मुक्त ऋण तथा अन्य सुविधाएं मिलने से मत्स्य पालन की लागत में कमी आई है और मछुआरों की आमदनी बढ़ी है। प्रदेश में मछली पालन के लिए 2 लाख हेक्टेयर से अधिक जल क्षेत्र उपलब्ध है। मत्स्य बीज उत्पादन के लिए 86 हेचरी, 59 मत्स्य बीज प्रक्षेत्र, 647 हेक्टेयर संवर्धन पोखर उपलब्ध है, जहां उन्नत प्रजाति के 330 करोड़ मछली बीज फ्राई का उत्पादन किया जा रहा है।**



राज्य की आवश्यकता 143 करोड़ की है। शेष 187 करोड़ मछली बीज अन्य राज्यों को निर्यात किया जा रहा है। राज्य मछली बीज उत्पादन में आत्मनिर्भर हो चुका है एवं पूरे देश में मत्स्य बीज उत्पादन के क्षेत्र में पांचवें स्थान पर है।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के समय मात्र 93 हजार मेट्रिक टन मत्स्य का उत्पादन होता था, वर्तमान में लगभग 6 लाख मेट्रिक टन मत्स्य उत्पादन होने लगा है। मत्स्य उत्पादन में यह वृद्धि साढ़े छह गुना है। मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ देश में छठवें स्थान पर है। मत्स्य पालन के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर देश में बेस्ट इनलैंड स्टेट का अवार्ड मिला है।

राज्य के 19 सिंचाई जलाशयों एवं दो खदानों में कुल 4021 केज स्थापित किए जा चुके हैं। पंगेशियस, मोनोसेक्स तिलापिया जैसे मछलियों का पालन एवं जलाशयों में केज कल्चर के माध्यम से सीमित जल संसाधन में अधिक मत्स्य उत्पादन प्राप्त करने में सहायता प्राप्त हुई है। राज्य में ग्रामीण तालाबों में प्रति हेक्टेयर औसत मत्स्य उत्पादन 4017 कि.ग्रा एवं सिचाई जलाशयों में 240 किग्रा उत्पादन है, जो देश के औसत उत्पादन से अधिक है। कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा विकासखण्ड में मछली पालन की कलस्टर आधारित खेती विकसित हो रही है जहाँ 3000 से अधिक किसान लाभान्वित हो रहे है। बांगों सिंचाई डेम में एक हजार केज स्थापित किए गए हैं। इस डेम के डूबान क्षेत्र के विस्थापित मछुआ सहकारी समिति के सदस्यों को कुछ साल पहले तक मत्स्य पालन में आमदनी के लिए खूब मेहनत करनी पड़ती थी। इसके बावजूद उन्हें आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता था। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जब इस क्षेत्र के ग्राम-सतरेंगा, आए तो उन्होंने मत्स्यिकी समूहों की आवश्यकताओं को समझा और मछुआ समूहों को 1000 नग केज उपलब्ध कराने की घोषणा की। मुख्यमंत्री के घोषणा उपरांत जिला खनिज संस्थान न्यास कोरबा एवं विभागीय सहयोग से बांगो सिंचाई जलाशय के ग्राम-सतरेंगा में 100 नग, ग्राम-गढ़उपरोड़ा में 100 नग तथा निउमकछार में 800 नग केज स्थापना का कार्य पूर्ण किया गया तथा बांगो सिंचाई जलाशय के आस-पास के विस्थापित मछुआ सहकारी समिति के 200 सदस्यों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मत्स्य पालन के व्यवसाय से जोड़ा गया। परिणामस्वरूप मछुआ समूहों की आमदनी पहले की अपेक्षा बहुत बढ़ गई है और वे आत्मनिर्भर की राह में आगे बढ़ रहे हैं।

प्रत्येक हितग्राही को 5-5 नग केज आबंटित है, प्रत्येक केज में 5000 नग तिलापिया मोनोसेक्स/पंगेशियस मत्स्य बीज संचित कर मत्स्य उत्पादन किया जा रहा है तथा प्रत्येक केज से लगभग 2000 कि.ग्रा. मत्स्य उत्पादन प्राप्त किया जा रहा है। वर्ष 2022-23 में प्रत्येक हितग्राही को आबंटित केज से मत्स्य उत्पादन से उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति बेहतर हो रही है।

## गाजर घास जागरूकता सप्ताह का किया गया शुभारंभ



श्रीकंचपनथ न्यूज

**राजनांदगांव।** पंडित शिव कुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र राजनांदगांव से अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय राजनांदगांव के मार्गदर्शन में 18 वां गाजर घास जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ किया गया। 18 वां गाजर घास जागरूकता सप्ताह 16 अगस्त से 22 अगस्त 2023 चलाया जाएगा।

इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. जया लक्ष्मी गांगुली द्वारा गाजर घास एवं उनके समन्वित प्रबंधन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि गाजर घास एक घातक खरपतवार है। पानी मिलने पर गाजर घास वर्ष भर फल-फूल सकती है परंतु वर्षा ऋतु में इसका अधिक अंकुरण होने पर यह एक भीषण खरपतवार का रूप ले लेती है। यह मुख्यत: खाली स्थानों, अनुपयोगी भूमियों, औद्योगिक क्षेत्रों, बगीचों, पार्कों, स्कूलों, रहवासी क्षेत्रों, सड़कों तथा रेलवे लाइन के किनारों आदि पर बहुतायत में पायी जाती है। पिछले कुछ वर्षों से इसका प्रकोप सभी प्रकार की खाद्यान्न फसलों, सब्जियों एवं उद्यानों में भी बढ़ता जा रहा है। इसके कारण फसलों की उत्पादकता भी प्रभावित हो रही है। गाजर घास का पौधा 3-4 महीनें में अपना जीवन चक्रपूरा कर लेता है तथा एक वर्ष में इसकी 3-4 पीढियां पूरी हो जाती है। गाजर घास से मनुष्यों में त्वचा संबंधी रोग, अस्थमा, एलर्जी आदि जैसी बीमारियां हो जाती है। पशुओं के लिए भी यह खरपतवार अत्यधिक विषाक्त होता है।

गाजर घास के तेजी से फैलने के कारण अन्य उपयोगी वनस्पतियां खत्म होने लगती है। जैव विविधता के लिए गाजर घास एक बहुत बड़ा खतरा बनते जा रहा है। विद्यार्थियों को इसके बारे में जागरूक करने हेतु गाजर घास का भारत में इतिहास, फैलाव, जीवन चक्र, मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर प्रभाव को बताते हुए कृषिगत, यांत्रिकी एवं जैविक विधि से गाजर घास का प्रबंधन करने की बात कहीं।

## छत्तीसगढ़ में धान खरीदी को लेकर लगातार झूठ बोल रहे हैं भाजपाई - कांग्रेस

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर।** केंद्रीय पूल में छत्तीसगढ़ से 86 लाख मिट्रिक टन चावल खरीदने की अनुमति को लेकर भाजपा नेताओं की बयानबाजी पर सवाल उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि 2020-21 में केंद्र की मोदी सरकार ने पहले छत्तीसगढ़ से 60 लाख् मिट्रिक टन चावल केंद्रीय पूल में खरीदने की अनुमति दी थी, लेकिन बाद में छत्तीसगढ़ के भाजपा नेताओं के बरगलाने के कारण छत्तीसगढ़ से केंद्रीय पुल में चावल का कोटा घटाकर मात्र 45 लाख मिट्रिक टन कर दिया गया।

जिसके चलते भूपेश सरकार छत्तीसगढ़ के किसानों से 2500 रूपए प्रति क्विंटल में खरीदे गए धान को 1300 और 1400 प्रति क्विंटल की दर में नीलाम करने बाध्य हुई। केंद्र की मोदी सरकार के वादाखिलाफी, अड़ंगे और व्यवधान के चलते छत्तीसगढ़ को हजारों करोड़ का नुकसान हुआ लेकिन किसान हितैसी भूपेश सरकार ने किसानों का अहित नहीं होने दिया। 2019-20 में छत्तीसगढ़ के ही भाजपा नेताओं ने बार-बार केंद्रीय मंत्रियों और देश के प्रधानमंत्री से यह शिकायत की कि भूपेश बघेल सरकार जो राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से 9000 और 10000 रुपया प्रति एकड़ इनपुट सब्सिडी दे रही है वह एमएसपी के अतिरिक्त है, भारतीय जनता पार्टी के नेता दलीय चाटुकारिता में अपने संसाधनों से भूपेश सरकार द्वारा किसानों को दी जा रही इनपुट सब्सिडी को रोकने तमाम तरह के षड्यंत्र रचे जिसके चलते 2019- 20 मे केंद्रीय पुल में 61 लाख मिट्रिक टन से घटाकर 45 लाख मिट्रिक टन कर दिया। जिसने राज्य सरकारों के द्वारा अपने संसाधनों से अपने किसानों को दी जाने वाले बोनस की राशि देने से रोका, केंद्रीय पुल में चावल खरीदी की लिमिट तय की, कभी उसना तो कभी अरवा की शर्त लगाई। 2014 में मोदी सरकार आने से पहले राज्य सरकारों द्वारा उपार्जित अतिरिक्त धान और चावल को केंद्रीय पुल में प्रतिबंधित करने का कोई प्रावधान नहीं था और ना ही राज्य सरकारों के द्वारा अपने संसाधनों से दिए जाने वाले अतिरिक्त सहायता पर कोई रोक थी। यदि भाजपाइयों को छत्तीसगढ़ के किसानों की फिक्र है तो जिस प्रकार से पंजाब और हरियाणा के किसानों से केंद्र सरकार की एजेंसी एफसीआई के माध्यम से धान खरीदी करती है।

## भारत में खेल एक भावना है और भारत की खेल प्रतिभा का पोषण करना देश को वैश्विक मंच पर आगे बढ़ाने के अनुरूप हैः हरदीप एस. पुरी

श्रीकंचपनथ न्यूज

**नई दिल्ली (पीआईबी)। भारत के 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, आवासन और शहरी कार्य तथा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने विभिन्न खेल विधाओं में भारत को गौरवान्वित करने वाले खिलाड़ियों को शामिल करने वाली भारत के राष्ट्रगान की एक प्रस्तुति का कल (15 अगस्त) शुभारंभ किया। इस पहल का इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा समर्थन किया गया है।**




इस अवसर पर अपने संबोधन में हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत में खेल एक भावना है और भारत की खेल प्रतिभा का पोषण करना देश को वैश्विक मंच पर आगे ले जाने के अनुरूप है। उउन्होंपने कहा कि खेल के मैदान में जीत या हार नहीं, अपितु खेल की भावना और खेल के प्रति समर्पण राष्ट्र के लिए हर्षोल्लास लाता है। इस शुभ दिन पर, इंडियन ऑयल द्वारा शुभारंभ की गई खेल गान प्रस्तुति खेल के प्रति देश के उत्सा ह को पुन: सक्रिय करती है और पैरा-एथलेटिक्स सहित विविध खेलों के लिए दृढ़ समर्थन, 'राष्ट्र प्रथम, सदैव सर्वप्रथम' की भावना का प्रतीक है।

श्री पुरी ने 'जय हे' नामक एक प्रेरणादायक संगीतमय वीडियो का भी अनावरण किया, यह एक रचनात्मक अभिव्यक्ति है और 'राष्ट्र प्रथम, सदैव सर्वप्रथम' का प्रतीक है, यह एक सिद्धांत है जो जीवन के हर पहलू में व्याप्त है और जीवन में व्यापक प्रगति की प्रेरणा देता है।

यह वीडियो इन एथलीटों के अपने खेल के प्रति गहन समर्पण और प्रतिबद्धता को खूबसूरती से दर्शाता है और इन सबसे बढ़कर, वैश्विक खेल मंच पर भारत का नाम रोशन करने के लिए उनके अटूट संकल्प और अथक प्रयास को भी दर्शाता है। इस प्रयास का उद्देश्य उस प्रत्येक भारतीय खिलाड़ी के समर्पण को प्रदर्शित करना है जो अपनी युवावस्था के दौरान उत्कृष्टता के लिए प्रयास करते हैं और अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल करते हैं।

इस पहल में सभी भारतीयों को प्रेरित करने की क्षमता है, और आशा है कि 'जय हे' प्रत्येक भारतीय को हमारे महान राष्ट्र के प्रति योगदान करने के लिए प्रेरित करेगा, यह हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आदर्श वाक्य- राष्ट्र प्रथम और सदैव सर्वप्रथम-एक वास्तविकता! का भी अनुसरण करता है।

## स्कूल शिक्षा मंत्री ने देवरबीजा में नवीन शासकीय महाविद्यालय का किया शुभारंभ

# विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए घर से दूर नहीं जाना पड़ेगाः मंत्री चौबे

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर।** स्कूल शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे ने आज बेमेतरा ज़िले के बेरला विकासखंड के ग्राम देवरबीजा में नवीन शासकीय महाविद्यालय का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक बेमेतरा आशीष छाबड़ा ने की।




मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि कॉलेज प्रारंभ होने से यहाँ और आसपास ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए घर से दूर नहीं जाना पड़ेगा। ग्राम देवरबीजा क्षेत्र और आसपास गांव के विद्यार्थियों को 12वीं के बाद आगे की पढ़ाई के लिए बेमेतरा या फ़िर साजा जाना पड़ता था। कॉलेज शुरू होने से क्षेत्र के विद्यार्थियों और पालकों को राहत महसूस हुई है। देवरबीजा के नागरिकों की पुरानी मांग पूरी हुई है जिससे भावी पीढ़ी को अपनी उच्च शिक्षा को लेकर चिन्ताएं दूर हुई है। कॉलेज दूर होने के कारण पढ़ाई छोड़ने वाले युवा भी अपने सपनों को साकार कर सकेंगे। मंत्री श्री चौबे ने कहा कि राज्य सरकार नगरों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों और दूर-दराज के इलाकों तक शिक्षा का उजियारा पहुंचाने के लिए लगातार काम कर रही है। इसी कड़ी में आज इस कॉलेज का शुभारंभ हुआ। छत्तीसगढ़ सरकार ने शिक्षा को अपने मुख्य कार्य योजना में शामिल कर लगातार कार्य किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि हम संकल्पित संकल्पित होकर युवाओं के भविष्य गढ़ने का काम कर रहे हैं। मंत्री चौबे ने इस अवसर पर राज्य सरकार द्वारा प्रदेशवासियों के हित में चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। कार्यक्रम को विधायक आशीष छाबड़ा ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य टी.आर. साहू, सहित जिले के अधिकारी-कर्मचारी, महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक, छात्र-छात्राएं और स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित थे। मालूम हो कि नवीन शासकीय महविद्यालय में सेटअप में 118 छात्रों के लिए सीट, 2 कार्यालय कर्मचारी, 11 शिक्षक सेटअप में वर्तमान में 5 टीचर है और महाविद्यालय में 3 संकाय का कोर्स कराया जायेगा। जिसमें बीएससी बायो और मैथ्स, वाणिज्य और कला संकाय का शिक्षण कार्य कराया जायेगा। इन सभी के लिए 4 फैकल्टी उपलब्ध है।

### जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**गरियाबंद।** जिला चिकित्सालय परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान चिकित्सकों एवं आमजनों ने आगे आकर रक्तदान किया। शिविर में 21 लोगों ने रक्तदान कर मानवता का दायित्व निभाया। शिविर में किये गये रक्त को जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में रखा जायेगा। जिससे खून की कमी होने पर जरूरतमंद मरीजों को ब्लड बैंक से खून उपलब्ध कराया जा सकेगा। कलेक्टर आकाश छिकारा ने आज रक्तदान शिविर में पहुंचकर रक्तदान करने वाले लोगों से मुलाकात किये। उन्होंने लोगों को रक्तदान का महत्व बताते हुए किसी की जीवन बचाने के लिए रक्तदान कर मानवता का परिचय देने का आग्रह किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री छिकारा ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. के.सी. उरांव, सिविल सर्जन डॉ. नाग, डीपीएम डॉ सोनल ध्रुव सहित रक्तदाता एवं चिकित्सकगण मौजूद थे।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM
Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES
FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok
JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

पांच साल पहले लापता न्यूज एंकर सलमा की मर्डर मिस्ट्री

# जिम ट्रेनर प्रेमी ने की थी हत्या, लाश जहां दफनाई वहां अब बन चुकी है सड़क

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में पांच साल पहले लापता हुई न्यूज एंकर सलमा की मिस्ट्री पुलिस ने सुलझा ली है। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के लिए सलमा की मिस्ट्री सुलझाना पुलिस के लिए काफी मुश्किल भरा रहा। दरअसल सलमा की हत्या उसके प्रेमी ने की थी और अपने दो सहयोगियों के साथ शव को दफना दिया था। जहां उसके शव को दफनाया गया वहां पर सड़क बन गई और सलमा का कुछ पता नहीं चला। पांच साल बाद पुलिस ने इस मामले में आरोपी प्रेमी जिम ट्रेनर मधुर साहू व उसके दो साथियों कौशल श्रीवास व अतुल शर्मा को गिरफ्तार कर लिया।

बता दें 25 साल की सलमा सुल्ताना कुसमुंडा के एसईसीएल कॉलोनी में रहती थी। 2018 में वह अचानक लापता हो गई। इसके बाद उसका कुछ पता नहीं चला। साल भर बात उसके पिता की मौत हुई तो तब भी वह घर नहीं पहुंची। युवती की स्कूटी स्टेशन पर मिली थी, वहीं उसका मोबाइल स्विच ऑफ था। परिजनों ने सलमा की गुमशुदगी की शिकायत भी दर्ज करा रखी थी। सलमा की तलाश में पुलिस ने काफी पापड़ बेले लेकिन कुछ भी पता नहीं चला।



### पुलिस ने बताया कैसे हुआ राजफाश

लंबे समय तक पुलिस इस मामले में कुछ कर नहीं पाई तो आरोपी ओवर कॉन्फिडेंस में आ गए। मधुर शर्मा के एक राजदार ने नशे में मर्डर की बात उगल दी। इसके बाद पुलिस ने जांच तेज की। इस बीच पुलिस ने सलमा के बैंक डिटेल देखे जिसमें लोन की ईएमआई बराबर पट रही थी। सलमा के लोन का इएमआई गंगाश्री जिम का मालिक और इंस्ट्रक्टर मधुर साहू भर रहा था। पुलिस ने जांच तेज की तो मधुर साहू फरार हो गया। इसके बाद पुलिस ने मधुर साहू के परिचितों से बयान लिया तो पता चला कि 21 अक्टूबर 2018 एलजी 17 शारदा विहार में मधुर साहू और कौशल श्रीवास के द्वारा सलमा सुल्ताना की गला घोंटकर हत्या करने का पता चला। लाश को अतुल शर्मा की मदद से भवानी मंदिर के सामने कोहडिया पुल के आसपास दफनाया गया है। इसके बाद पुलिस ने कोहड़िया मार्ग पर फोरलेन के आसपास खुदाई शुरू की थी लेकिन पुलिस को सफलता नहीं मिल पाई। इसके बाद पुलिस ने सैटेलाइट इमेज, स्क्रीनिंग मशीन, थर्मल इमेजिंग और ग्राउंड पेनेट्रेशन रडार मशीन का सहारा लिया। जहां शव दफ़नाया गया वहां हाईवे बन चुका है। पुलिस ने सोमवार को इस मामले आरोपी मधुर साहू, कौशल श्रीवास और अतुल शर्मा को गिरफ्तार कर लिया।

### चरित्र शंका में की थी हत्या

इधर पुलिस पूछताछ में मुख्य आरोपी मधुर साहू ने बताया कि उसने सलमा की हत्या चरित्र शंका में की थी। उसे शक था कि सलमा का किसी और के साथ भी संबंध है। यहीं नहीं दोनों के बीच पैसों के लेनदेन को लेकर भी विवाद चल रहा था। पुलिस ने आरोपी के पास से हार्ड डिस्क और लैपटॉप जब्त किया है। पुलिस के हाथ कुछ ऑडियो क्लिप भी लगे हैं। शव को जिस वाहन से ले जाकर दफ़न किया गया उसे भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस के सामने अब भी सलमा के शव को बरामद करने की चुनौती है। कोर्ट के आदेश के बाद खुदाई के बाद शव को बरामद करने का प्रयास किया जाएगा।

# सागौन, शीशम, कौहा लकड़ी की तस्करी का भांडाफोड़: बालोद में वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, लाखों की लकड़ियां जब्त

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बालोद।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में बन विभाग की टीम ने बीती रात बड़ी कार्रवाई की है। यहां प्रतिबंधित लकड़ियों की तस्करी का भांडाफोड़ हुआ है। वन विभाग की टीम ने ग्राम करहीभदर डिपो में बुधवार की देर शाम ट्रक क्रमांक सीजी 08 एल 0918 से प्रतिबंधित लकड़ियों की तस्करी होते पकड़ा है। ट्रक में सागौन, शीशम, कौहा लकड़ियां लोड थी। वन विभाग की टीम ने बुधवार आधीरात हो यह कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि जब्त लकड़ियों की कीमत लाखों में है।

बता दें वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर के निर्देश पर वन विभाग द्वारा लकड़ियों के अवैध परिवहन और कटाई पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में बालोद वन विभाग की टीम को भारी मात्रा में सागौन, शीशम, कौहा आदि लकड़ियों की तस्करी की सूचना मिली थी। सूचना के बाद टीम अलर्ट हुई और मुखबिर के बताए अनुसार ग्राम करहीभदर डिपो के पास घेराबंदी की। इस दौरान यहां पर एक ट्रक में भारी मात्रा में सागौन, शीशम व कौहा की लकड़ियां भरी हुई थी। वन विभाग ने जांच की तो पता चला कि इन लकड़ियों को अवैध रूप से ले जाया जा रहा है। इसके बाद टीम ने सभी लकड़ियों को जब्त किया। लकड़ियों का वजन कई टन बताया जा रहा है। बाजार में इसकी कीमत लाखों में है। आगे की कार्रवाई वन विभाग द्वारा की जा रही है।

## // फ्री होल्ड हेतु दावा आपत्ति सूचना //


छत्तीसगढ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर जिला रायपुर के आदेश कमांक एफ–8–5/2022/18 के सम संख्यक आदेश दिनांक 06.07.2022 द्वारा नगरीय निकाय तथा पूर्व विघटित विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा स्वंय के आधिपत्य के 30 वर्षीय लीज होल्ड पर आबंटित/व्यवस्थापित आवासीय भूखंड/भवन को फ्री होल्ड के रूप संपरिवर्तित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

फ्री होल्ड के रूप में संपरिवर्तन के लिये निम्नांकित भूखंडधारियों द्वारा आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिस पर नियमानुसार कार्यवाही कर फ्री होल्ड के रूप में संपरिवर्तन किया जाना है। यदि किसी व्यक्ति को इस संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र0 | पट्टाधारी का नाम पति/पिता का नाम | योजना का नाम | ब्लॉक क्र0 भूखंड क्र0 | आकार |
|---|---|---|---|---|
| 01 | मे0 नकोड़ा एग्रो प्रोडक्टस प्रा0 लि0 डाय0 श्री पी0सी0 गोलछा आ0 के0सी0 गोलछा | मो0 ने0 न0 पूर्व आवा0 सह व्या0 यो0 | 84 एवं 85 | 187 व0मी0 |
| 02 | 1. मो0 मुस्तका<br>2. मो0 मुस्तका<br>3. मो0 मुर्तुजा<br>4. मो0 मुस्लिम<br>5. मो0 इस्लाम सभी के आ0 स्व0 बिसमिल्ला | डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद चौक व्या0 | ए/07 | 11.25 व0मी0 |
| 03 | मनोज कुमार बंसल आ0 देशराज बंसल | कॉन्ट्रैक्टर कॉलोनी आ0 सह व्य0 | सुपेला | 2538 व0फु0 |
| 04 | श्री सोहन लाल आ0 श्री बिहारी लाल | मो0ने0न0पू0 आ0 यो0 | 48/08 | 216 व0मी0 |
| 05 | श्री अशोक कुमार जैन आ0 स्व0 छबीलदास जैन | आकाश गंगा व्या0 परिसर यो0 | 03,04, 11 एवं 12 | 162 व0मी0 |
| 06 | पवन कुमार चोपड़ा आ0 स्व0 सुखदेव कुमार चोपड़ा | मो0ने0न0 प0 आ0 यो0 | 49/05 | 216 व0मी0 |
| 07 | मंजू अग्रवाल पति स्व0 अनुप कुमार अग्रवाल | ने0न0 प0 आ0यो0 | 34/09 | 216 व0मी0 |
| 08 | मस्जिद नूर कमेटी संगठन सदस्य मो0 इसराइल | मस्जिद सुपेला भिलाई | 01/08 | 223.05 व0मी0 |
| 09 | श्री सुरेश कुमार रहमतकर आ0 भागीरथ प्रसाद रहमतकर | मो0ने0न0 पू0 आव यो0 | ई/04 | 180 व0मी0 |
| 10 | श्री बंसी अग्रवाल आ0 स्व0 लाजपत राय | मो0ने0न0 पूर्व आ0 सह व्य0 यो0 | 48 | 93.75 व0मी0 |
| 11 | श्री बंसी अग्रवाल आ0 स्व0 लाजपत राय | मो0ने0न0 पूर्व आ0 यो0 | 56/05 | 216 व0मी0 |
| 12 | 1 आकाश अग्रवाल आ0 बंसी अग्रवाल<br>2 बंसी अग्रवाल आ0 स्व0 लाजपत राय | ने0न0 प0 आ0यो0 | 69/07 | 540 व0मी0 |
| 13 | सोनू राम पटेल आ0 स्व0 मनबोध पटेल | रामनगर मुक्तिधाम सुपेला | 34/92 | 125 व0फु0 |
| 14 | श्री पवन अग्रवाल आ0 राजेन्द्र अग्रवाल | ने0न0 पूर्व आ0 सह व्य0 यो0 | 46 | 93.75 व0मी0 |
| 15 | सुनीता अग्रवाल पति बंसी अग्रवाल | ने0न0 पूर्व आ0यो0 | 55/06 | 360 व0मी0 |
| 16 | बसंत कुमार चौबे आ0 स्व0 रमेश चन्द्र | ने0न0 पूर्व आ0यो0 | 20/07 | 135 व0मी0 |
| 17 | सुनीता अग्रवाल पति बंसी अग्रवाल | नंदिनी रोड कोहका माईनर प0 | व्यवस्थापन | 5082.34 व0फु0 |
| 18 | श्रीमती बग्गु अरूणधति पति बग्गु देवेन्द्र | मो0 ने0 न0 पूर्व आवा0 यो0 | 54/11 | 216 व0मी0 |
| 19 | जागे सिंह आ0 पुनऊराम | सुभाष सब्जी मार्केट केम्प 02 | जे | 44 व0मी0 |
| 20 | श्रीमती फिरदौस पति सैय्यद फहीम अहमद | कोसा नगर सस्ता मकान आ0यो0 | 04/09 | 40.5 व0मी0 |
| 21 | श्री दुर्गा प्रसाद मिश्रा आ0 स्व0 भगवती प्रसाद मिश्रा | शास्त्री नगर केम्प 02 आ0 यो0 | 1093/1,2 | 133.64 व0मी0 |
| 22 | श्री दिनेश अग्रवाल आ0 स्व0 लाजपत राय अग्रवाल | प्रिय0 परि0 पूर्व | 04/05 | 330 व0मी0 |
| 23 | श्री बंसी अग्रवाल आ0 स्व0 लाजपत राय | नंदिनी रोड कोहका माईनर प0 | व्यवस्थापन | 2254.535 व0फु0 |

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई

## खास-खबर



### घर में घुसकर युवती पर चाकू से हमला, 15 घंटे बाद केस हुआ दर्ज 2 आरोपी गिरफ्तार

**धमतरी (ए)।** जिले में पुलिस का खौफ खत्म हो गया है। विंध्यवासिनी वार्ड में बदमाशों ने घर में घुसकर एक युवती पर चाकू से हमला कर दिया। वारदात मंगलवार की रात करीब 10 बजे हुई। पीड़िता जितेश्वरी साहू ने पुलिस को बताया कि एक युवक ने उनके घर पहुंचा। उसने अपना नाम जालमपुर निवासी कोमल बांधे बताया।

युवक के साथ मोंटी खान नाम का शख्स भी पहुंचा था। आरोपियों ने जितेश्वरी से बबलू सिंधी के बारे में पूछा। दोनों जबरदस्ती घर में घुस आए और जितेश्वरी पर चाकू से हमला कर दिया भाग निकले। युवती के पिता खेमराज साहू ने बताया कि 2 माह पहले बबलू सिंधी से घर खरीदा है। वारदात के तुरंत बाद परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर शिकायत की, लेकिन पुलिस ने एफआईआर करने में टालमटोल कर भगा दिया। इसके बाद हमले में जख्मी जितेश्वरी का जिला अस्पताल में इलाज कराया। सुबह घटना की जानकारी भाजपा नेता रामू रोहरा को हुई, तब पुलिस ने 2 बदमाशों के खिलाफ मामूली धारा में एफआईआर दर्ज की। कोतवाली टीआई बृजेश तिवारी ने बताया कि मामले में दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके खिलाफ धारा 452, 294, 323, 506, 34 के तहत कार्रवाई की है। टीआई ने कहा कि रात में पुलिस ने एफआईआर क्यों नहीं लिखी इसकी जानकारी लूंगा। उन्होंने कहा चाकूबाज बदमाशों पर पुलिस की कार्रवाई लगातार हो रही है। शहर के 40 वार्डों में पेट्रोलिंग भी बढ़ाई गई है। आपको बता दें कि 5 दिन पहले भी नेहरु गार्डन के पास 2 बदमाशों ने गांव के 2 युवकों पर चाकू से हमला किया था।

# खुदकुसी: शिवनाथ नदी के पुराने पुल से युवक ने लगाई छलांग

**दुर्ग।** दुर्ग शहर से लगे शिवनाथ नदी के पुराने पुल से बुधवार को एक व्यक्ति ने कूदकर अपनी जान दे दी। व्यक्ति को पुल से छलांग लगाते हुए देखकर वहां मौजूद लोग सन्न रह गए। उन्होंने तुरंत पुलिस को घटना की सूचना दी। फिलहाल नदी से शव को निकाल लिया गया है। मामला पुलगांव थाना क्षेत्र का है।

पुल पर बैठकर मछली पकड़ने वाले प्रत्यक्षदर्शियों में से एक श्याम ढीमर ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति शिवनाथ नदी के पुराने पुल पर आया और अपनी स्कूटी नंबर सीजी 07 एफ9311 को बीच रोड पर खड़ा करके सीधे नदी में कूद गया। ये देखकर उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

मौके पर डायल 112, पुलगांव थाना पुलिस और SDRF की टीम पहुंची। तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कराया गया। बुधवार शाम 5 बजे के करीब व्यक्ति की लाश शिवनाथ नदी से बरामद कर ली गई है। पुलिस ने बताया कि स्कूटी के रजिस्ट्रेशन के अनुसार, गाड़ी विक्रम जीत सिंह की है, जो वार्ड नंबर- 27 खुर्सीपार भिलाई का रहने वाला है। विक्रम के परिजनों से संपर्क किया गया है।



SDRF के अधिकारी नागेंद्र सिंह ने बताया कि साढ़े 4 बजे व्यक्ति के डूबने की सूचना मिली थी। तुरंत टीम को मौके के लिए रवाना किया गया। 10 मिनट के अंदर बॉडी को नदी से निकालकर पुलिस को आगे की कार्रवाई के लिए सौंप दिया गया है। वहीं पुलिस ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया गया है। जांच के बाद ही पता चलेगा कि शख्स ने आत्महत्या क्यों की। उन्होंने कहा कि परिजनों के आने के बाद उनका बयान दर्ज किया गया है।

कचरा गाड़ी में दबकर निगम कर्मी की मौत

# कार ने बाइक को मारी टक्कर, अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरा तो डंपर नें कुचला

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में नगर निगम के एक कर्मचारी की कचरा गाड़ी में दबने से मौत हो गई। निगम कर्मी अपनी बाइक से लौट रहा था, तभी रास्ते में तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक अनियंत्रित हो गई और वह नीचे गिर गया। इसी दौरान पीछे से डंपर ने उसे चपेट में लिया। घटना सरकंडा थाना क्षेत्र की है।

सिविल लाइन क्षेत्र के इमलीपारा में रहने वाला देवानंद कश्यप (50) नगर निगम में पदस्थ था। बुधवार को दोपहर वह किसी काम से सरकंडा के लोधीपारा गया था। जहां काम निपटाने के बाद वह अपनी बाइक से इमलीपारा स्थित घर लौट रहा था। उसकी बाइक लोधीपारा में राधाकृष्ण मंदिर के पास पहुंची थी उसी समय तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वो बाइक समेत सड़क पर गिर गया।

### पीछे से आ रही कचरा गाड़ी में दबने से हुई मौत

जिस समय यह हादसा हुआ, उसी दौरान नगर निगम की कचरा गाड़ी भी तेजी से आ रही थी और निगम कर्मी को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोगों ने इस हादसे की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक नंबर के जरिए मृतक की पहचान नगर निगम कर्मी देवानंद के रूप में की। फिर उसके परिजन को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस इस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:- 9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### छत्तीसगढ़ बाल कोष के अंतर्गत दान, अनुदान, अंशदान

**दुर्ग।** किशोर न्याय अधिनियम 2015 यथा संशोधित 2021 की धारा 105 एवं नियम 2016 यथा संशोधित के नियम 83 के तहत इस अधिनियम और इन नियमों के अधीन आने वाले बालकों के कल्याण एवं पुनर्वास के लिए किशोर न्याय निधि के प्रावधान अनुसार राज्य में बच्चों के सर्वोत्तम हित में छ.ग. बाल कोष का गठन किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन ने बताया कि शासन द्वारा ''छत्तीसगढ़ बाल कोष के क्रियान्वयन दिशा निर्देश 2022'' में छत्तीसगढ़ बाल कोष के सृजन हेतु दान अनुदान, अंशदान, आय के स्त्रोत का विवरण कंडिका 4.1 एवं कंडिका 4.2 में दिया गया है। बच्चों के सर्वोत्तम हित में दान, अनुदान, अंशदान प्राप्त करने हेतु राज्य स्तर पर आईसीआईसी बैंक में खाता संख्या 251501000259, आईएफएसआई संख्या आईसीआईसीआई 0002515 का संचालन किया जा रहा है।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाईन नामांकन व आवेदन 31 अगस्त 2023 तक आमंत्रित किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन ने बताया की ऐसे मेघावी बच्चें जिन्होंने नवाचार, शिक्षा, संबंधी व विद्यालयीन गतिविधि, खेल, कला, और संस्कृतिक, सामाजिक सेवा और बहादुरी सहित विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धि हासिल किए हों। निर्धारित तिथि तक ऑनलाईन वेबसाईट अवार्डस डॉट जीओवी डॉट इन पर ऑनलाईन आवेदन करते हुए संबंधित क्षेत्र के बाल विकास परियोजना अधिकारी अथवा कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, पांच बिल्डिंग दुर्ग में आवेदन करने की सूचना प्रस्तुत कर सकते हैं।

### 23 अगस्त तक दावा आपत्ति आमंत्रित

**दुर्ग।** एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना भिलाई-02 अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र-बस स्टैंड भिलाई 03, वार्ड-11 में रिक्त आंगनबाड़ी सहायिका की पद पूर्ति हेतु इच्छुक आवेदिकाओं से आवेदन आमंत्रित कर मूल्यांकन समिति द्वारा परीक्षण उपरांत अनंतिम मूल्यांकन पत्रक परिशिष्ट-चार तैयार की गई है। तैयार पत्रक परियोजना कार्यालय भिलाई-2 व आयुक्त, नगर पालिका निगम चरोदा-भिलाई की कार्यालय की सूचना पटल में चस्पा किया गया है। जिन आवेदिकाओं को उपरोक्त अनंतिम मूल्यांकन पत्रक के संबंध में दावा/आपत्ति है, वे पर्याप्त साक्ष्य/प्रमाणित दस्तावेज सहित कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई-2, दुर्ग में 23 अगस्त 2023 तक कार्यालयीन समय पर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समय अवधि के उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

### 25 हजार रूपए की सहायता राशि दान


**दुर्ग।** ए.वी. राव, सेवा निवृत्त प्रोफेसर, निवासी नेहरू नगर, भिलाई द्वारा इस वर्ष सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के लिये एकत्र किये जा रहे राशि में 25 हजार रूपए दान कर सेना का मान बढ़ाया है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ग्रुप कैप्टन ब्रिजेश कुमार शर्मा ने बताया कि राव द्वारा विगत कई वर्षो से यह राशि शहीद सैनिकों, सैन्य विधवाओं और भूतपूर्व सैनिकों के लिये दान किया जा रहा है।

# सफेद बाघ के नन्हे शावकों का हुआ नामकरण, केज में मचा रहे है धमाचौकड़ी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के उद्यानिकी विभाग के मैत्री बाग में सफेद बाघों के कुनबे में 3 नए मेहमानों, 2 नर एवं 1 मादा शावक का जन्म, 28 अप्रैल 2023 को हुआ था। पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार, आजादी के 76 वें वर्षगांठ पूरे होने के जश्न के साथ ही 15 अगस्त 2023 को इन नन्हे शावकों का नामकरण किया गया। इन शावकों का नाम रुस्तम, राणा और बॉबी रखा गया है।

एक गरिमामयी कार्यक्रम में इन प्यारे चंचल शावकों को पहली बार आम जनता के लिए खोला गया। शावकों ने स्वयं को पहली बार खुले में पाकर आनंद से खूब उछल कूद मचाया



और पर्यटकों का मनोरंजन किया। एक दुर्लभ और लुप्तप्राय प्रजाति राजसी सफेद बाघ और उनके नन्हें शावक अपने आकर्षक धारियों, सफेद रंग और चमकदार नीली आंखों के साथ बहुत ही प्यारे लग रहे थे। जिन्हें देखने भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। मनमोहक शावकों को अठखेलियां करते देख अत्यंत हर्ष हो रहा था। मुलायम पंजों के साथ चंचलतापूर्वक वे अपने आस-पास के हर कोने की खोज कर रहे थे। ऐसा आकर्षक दृश्य हमें इन असाधारण प्रजातियों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए प्रेरित करता है।

इन शावकों के पिता का नाम सुल्तान है। शावकों की माँ रक्षा ने पिछले 3.5 माह से बच्चों का लालन पालन पूरी ममता के साथ किया। वन्यजीव विशेषज्ञ, भिलाई मैत्री बाग प्रभारी एवं उप महाप्रबंधक (उद्यानिकी) डॉ एन के जैन ने जानकारी दी, कि जू अथॉरिटी के मार्गदर्शन अनुसार ही इन नन्हे शावकों और इनकी माँ की देखभाल की गई। मैत्री बाग प्रबंधन द्वारा लगातार इन नन्हे शावकों और बाघिन माँ रक्षा को पौष्टिक आहार तथा विभिन्न प्रकार के आवश्यक विटामिन आदि भोजन के साथ दिया जा रहा है। गौरतलब है कि भिलाई मैत्री बाग सफेद बाघों की सबसे अधिक संख्या के साथ भारत के शीर्ष चिड़ियाघरों में से एक बन गया है। मैत्री बाग प्रबंधन ने सेंट्रल जू ऑथोरिटी के नियमानुसार, अब तक देश के 5 से भी अधिक चिड़ियाघरों में बाघों का आदान-प्रदान किया है। मौजूदा समय में शावकों के नए जन्म के साथ ही मैत्री बाग में सफेद बाघों की कुल संख्या 09 हो गई है।

# खुर्सीपार की सैकड़ों महिलाओं ने किया भाजपा प्रवेश, पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश ने दिलाई सदस्यता

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। खुर्सीपार क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने आज पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय के समक्ष भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा की रीति-नीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों से प्रभावित होकर महिलाओं ने कांग्रेस का दामन छोड़कर भाजपा ज्वाइन की। पूर्व मंत्री श्री पाण्डेय ने सभी मातृशक्तियों का स्वागत अभिनंदन करते हुए कहा कि मातृशक्तियों के पार्टी में शामिल होने से निश्चित ही संगठन को अब और शक्ति मिलेगी एवं आगामी चुनाव में हम सब मिलकर कमल का फूल खिलायेंगे।



पूर्व मंत्री श्री पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक ओर चहुंओर विकास के द्वार खुल रहे हैं, दूसरी ओर विश्व में भारत का मान-सम्मान बढ़ रहा है। इसीलिए आज भाजपा के प्रति जन-विश्वास बढ़ा है और समाज के सभी वर्गों के सम्मानित जन लगातार भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं।

यह निश्चित रूप से भाजपा की बढ़ती हुई ताकत, बढ़ते हुए कदम का परिचायक है और हमें नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की अन्यायी, अत्याचारी, भ्रष्टचारी और वादाखिलाफी करने वाले सरकार को उखाड़ फेंकने में यकीनन मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट कांग्रेस सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिए जनता तैयार बैठी है। भाजपा प्रवेश करने वाली महिलाओं में बालाजी नगर से उमा माहेश्वरी वार्ड 43 बापू नगर से नीलम सिंह, सरस्वती पद्मनी, सुनीता चौधरी, सना शर्मा, सरस्वती शर्मा, संध्या देवी, सावित्री, हेमंत साहनी, पार्वती निर्मलकर, जानकी देवी, रितु चौधरी, दुर्गा देवी, प्रभावती देवी, अनीता सिंह, रेखा देवी, वार्ड 45 बालाजी नगर से पूजा शर्मा, वर्षा श्रीवास्तव, सुमन पांडे, बीमुदुरम्मा, कौशल्या, विद्यावती गुप्ता, करुणा कौर, उर्मिला शर्मा, सुनीता देवी, भुदेवी, दलवीर कौर, चंदना सरकार, अम्मा जी, कंचन देवी, इंदुप, संजारी देवी, डी माधुरी, सुनैना सिंह, सुनीता देवीपल, देवी सिंह, दुर्गावती, पुण्यवती दलाई, सुखिया बाई, रूपा साहू, सविता देवी, मीना देवी, रीटा उपद्या, ललिता देवी पासवान, राम देवी, कुंती बाई देवंगान, गुरमती साहनी व शांति देवी शामिल हैं। वहीं अन्य वार्डों की महिलाओं ने आज भाजपा सदस्यता ग्रहण की।

### इस बार भिलाई में खिलेगा कमल

भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद महिलाओं ने कहा कि भाजपा में शामिल होना बेहद गौरव का पल है। उन्होंने कहा कि भाजपा की रीति-नीति और जनकल्याणकारी योजनाओं ने न केवल छत्तीसगढ़, अपितु समूचे देश में क्रांतिकारी परिवर्तन की मिसाल पेश की है। अपनी नीति और सिद्धांतों पर अडिग रहने वाले नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का पिछले 9 वर्षों का कार्यकाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के दृष्टिकोण से भारतीय राजनीति का स्वर्णकाल रहा है। महिलाओं ने कहा कि भिलाई में पिछले साढ़े चार सालों में केवल अपराध बढ़ा है, यह भिलाई की पहचान के विपरीत है। हम सभी को मिलकर एक बार फिर भिलाई में कमल खिलाना है और खोई हुई पहचान को वापस दिलाना है।

# आज हम आजाद है, आजादी के महत्व को समझना होगा: शशि सिन्हा



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली।** नगर पालिक निगम कार्यालय (स्कूल भवन) में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य आयोजन हुआ। महापौर श्रीमती शशि सिन्हा ने सुबह 8 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया। वही श्याम नगर स्थित पानी टंकी कार्यालय में ध्वजारोहण आयुक्त आशीष देवांगन ने मुख्य कार्यक्रम से पहले किया।

महापौर शशि अशोक सिन्हा ने ध्वजारोहण से पहले महात्मागांधी, भारतमाता और छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना की। ध्वजारोहण के बाद संबोधन में कहा कि आजादी पूर्वजों के बलिदान से मिली है। तब न तो जाति और धर्म को महत्व दिया गया। स्वतंत्रता सेनानियों का एक ही धर्म था राष्ट्रप्रेम। महापौर ने कहा कि यही वजह है कि राष्ट्रीय पर्व के पहले अमृत महोत्सव मनाते हुए हम लोग शहीद को याद कर उन्हे नमन कर रहे है। मुख्य आयोजन में सभापति केशव बंछोर, एमआईसी सद्स्य चन्द्रभान सिंह ठाकुर, सनीर साहू, अनूप डे, सोनिया देवांगन, ईश्वरी साहू, पार्षदगण व एल्डरमेन समेत निगम आयुक्त आशीष देवांगन, आदि उपस्थित थे। रिसाली नगर पालिक निगम के दो कर्मचारियों का जिला स्तर पर पुरस्कृत किया गया। स्वतंत्रता दिवस पर्व के मुख्य आयोजन में मंत्री ताम्रध्वज साहू ने सब इंजीनियर अखिलेश गुप्ता, प्रभारी उप अभियंता गोपाल सिन्हा को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया।

# स्वतंत्रता सेनानी और शहीदों को हमेशा याद रखें जाएंगे: विधायक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम !सीमाक्षेत्र अंतर्गत आज नगर निगम द्वारा सोमवार को पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया।आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर कसारीडीह सिविल लाइन शीतला तालाब के पास मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत विधायक अरुण वोरा,महापौर धीरज बाकलीवाल,आयुक्त लोकेश चन्द्राकर एवं पर्यावरण विभाग प्रभारी सत्यवती वर्मा द्वारा 75 फलदार व छायादार पौधा लगाया गया।

इस अवसर पर मौजूद एमआईसी सदस्य भोला महोविया, उपायुक्त मोहेंद्र साहू,कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम,जितेंद्र समैया,अनिल सिंह के अलावा उपस्थित जनों द्वारा लगाए गए पेड़ो के रखरखाव और पर्यावरण संरक्षण की बात कही।इस दौरान पौधा लगाते हुए विधायक अरुण वोरा और महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि पेड़ है



तो हम हैं, नहीं तो धरती वीरान है। प्रत्येक देशवासी को अपने जीवन काल में कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। उन्होंने नवीन पहल करते हुए सभी को अपने हिस्से के एक-एक पौधे के नामकरण और उसके रखरखाव की ज़िम्मेदारी दी।वही आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने बताया कि शीतला तालाब परिसर में 75 पौधे लगाकर इस कार्यक्रम को सफल किया गया। ताकि हमारा शहर एवं देश हरा भरा हो सके। निगम द्वारा पौधा वितरण के साथ-साथ अन्य संस्थाओं लोगों को भी यह जिम्मेदारी दी जा रही है ताकि हमारा पर्यावरण शुद्ध हो सके।

### विधायक,महापौर व आयुक्त ने मुटठी भर मिट्टी लेकर ली शपथ

# देश के बलिदान देने वाले वीरो को समर्पित अभियान, मिटटी को नमन, वीरो का वंदन

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। आजादी के अमृत महोत्सव के समापन अंतर्गत मेरी मिट्टी, मेरा देश अभियान 12/08/23 से प्रारंभ किया गया जिसमे तिरंगा यात्रा किया गया। देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से आजादी की अमृत महोत्सव के समापन के अवसर पर इस अभियान की शुरूआत की गई।

सर्वप्रथम देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों, वीरों की याद में संविधान उद्देशिका ( गौरवपथ




) चर्च के सामने विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, आयुक्त लोकेश चन्द्राकर व पर्यावरण प्रभारी सत्यवती द्वारा अधिकारियों के साथ स्वतंत्रता, देश के लिए अपना सर्वोच्च योगदान- बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानी की याद में शिलापट्टिका का अनावरण और ध्वजारोहण किया गया। शिलापट्ट में शहीद जवानों का नाम अंकित किया गया है।कार्यक्रम में मातृभूमि की स्वतंत्रता और उसके गौरव की रक्षा के लिए अपना बलिदान देने वाले वीरों को याद किया गया तथा पंच प्राण स्थल पर हाथों में मिट्टी लेकर देश की अखंडता की रक्षा और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का शपथ लिया गया।

अधिकारियों द्वारा शिलापट्ट के साथ सेल्फी भी ली गयी। आजादी के अमृत महोत्सव के समापन को यादगार बनाने शीतला तालाब के पास अमृत वाटिका में 75 पौधों का वृक्षारोपण किया गया।इस अवसर पर एमआईसी भोला महोविया, एल्डरमेन राजेश शर्मा, उपायुक्त मोहेंद्र साहू,दिनेश नेताम, जितेंद्र समैया,करण यादव, प्रकाश गीते के अलावा अन्य मौजूद रहें।

# भिलाई निगम की सामान्य सभा: विपक्ष के हंगामे की बीच बहुमत से पारित हुए सभी एजेंडे

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई की सामान्य सभा निगम के सभागार में आयोजित हुई। सुबह 11 बजे राष्ट्रगान के साथ शुरू हुई सभा में 18 विषय निगम के सचिव द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसमें से 2 विषय पर चर्चा उपरांत शेष 16 विषय को बहुमत के आधार पर पारित किया गया। सभा के प्रारंभ में आयुक्त रोहित व्यास ने निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सदन में उपस्थित महापौर, अध्यक्ष, पार्षद, जनप्रतिनिधि व अधिकारियों को स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखने की शपथ दिलाई।



इसके पश्चात महापौर नीरज पाल ने भिलाई निगम के सदन के 23 वर्ष पूर्ण होने पर इसके गरिमामय इतिहास के अपने अनुभव को सदन में साझा किए। वैशालीनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व महापौर स्व. विद्यारतन भसीन के निधन पर सदन ने उन्हें अपनी मौन श्रद्धांजलि अर्पित किए। अध्यक्ष गिरवर बंटी साहू ने सदन को 5 मिनट के लिए स्थगित करने की घोषणा की। 11:10 मिनट पर सदन की कार्यवाही अध्यक्ष द्वारा पुन: प्रारंभ की गई।

सामान्य सभा में 18 विषय का एजेंडा प्रस्तुत किया गया जिसमें जोन 03 वार्ड 37 संत रविदास नगर में स्थित उद्यान का नाम स्व. श्री अटल बिहारी बाजपेयी के नाम पर नामांकरण एवं मूर्ति स्थापना करने के प्रस्ताव को ध्वनि मत से पारित किया गया इसके अलावा वार्ड क्र. 25 संतोषीपारा तेल्हानाला (करूणा अस्पताल से गौरव पथ तक) विकास कार्य पर चर्चा करने के बाद विषय को पारित किया गया। सदन में प्रस्तुत शेष विषय जिसमें नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत 500 सीट शहरी महिला आजीविका केन्द्र का निर्माण कार्य, जाति/मूल निवास की उद्घोषणा, नगर पालिक निगम भिलाई के नए श्लोगो/मोनोश् के सृजन, टाउनशिप क्षेत्रान्तर्गत आने वाले वार्डो में स्कोप ऑफ वर्क के अन्तर्गत नाली, सड़क, बाजार एवं तिपहिये रिक्शे/ई-रिक्शा से आवासीय एवं व्यवसायिक क्षेत्र में डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य तथा अन्य कार्य, निगम के विभिन्न क्षेत्रों (योजनाओं) में रिक्त आवासीय/व्यवसायिक/आवास सह व्यवसायिक भूखण्डों के अंतरण के संबंध में, घासीदास नगर मैदान का नामकरण, विश्व स्तरीय सेंट्रल लाइब्रेरी सह रीडिंग जोन निर्माण कार्य, साडा भिलाई के समय आबंटित (व्यवस्थापित) प्रकरण जिसमें ऑफर की पूर्ण राशि जमा हो चुकी है किन्तु पंजीयन नही हुआ के संबंध में, सुपेला पुरानी बस्ती आबादी भूमि में निवासरत परिवारों को आबादी पट्टा/स्थायी मालिकाना हक प्रदान करने, निगम द्वारा विभिन्न आवासीय, आवास सह व्यवसायिक एवं व्यवसायिक योजनाओं में आबंटित 300 भूखण्डों के संबंध में विचार, निगम भिलाई क्षेत्र में निर्मित सामाजिक भवन जो बिना भू-आबंटन/बिना अनुमति के निर्मित किये गये है उनके आबंटन के संबंध में, जोन 04 खुर्सीपार क्षेत्र में बीपीओ कॉल सेंटर खोले जाने, जोन क्र. 01 नेहरू नगर स्थित जी.ई. रोड से लगे हुये उद्यान क्र. 03 के व्यवसायिक उपयोग, संचालन एवं संधारण कार्य, केनाल रोड निर्माण में प्रभावित व्यवसायिक का वैकल्पिक व्यवस्थापन, भिलाई निगम क्षेत्रांतर्गत मदर्स मार्केट पावर हाउस में ''सी'' मार्ट संचालन एवं संधारण करने के संबंधित विषयों को बहुमत के आधार पर पारित किया गया।

# कुम्हारी स्थित बड़े तरिया में 15 अगस्त को रही 20 हजार से भी अधिक भीड़

### लोगों ने टॉयज ट्रेन एवं म्यूजिकल फाउंटेन का लिया आनंद



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कुम्हारी स्थित बड़े तरिया में दिन-ब-दिन जिस तरह लोगों की तादाद बढ़ रही है जिससे स्थानीय ही नही बल्कि पूरे प्रदेश में लोग बड़े तरिया को देखने लालायित दिखाई दे रहे हैं।

15 अगस्त को छुट्टियां होने की वजह से यहां बेतहाशा भीड़ दिखाई दी। जानकारी के मुताबिक इस दिन करीब 20 हजार से भी अधिक लोगों की भीड़ यहां दिखाई दी।

छुट्टी होने की वजह से लोग सपरिवार यहां पहुंचे थे । बच्चों ने जहां झूला व टॉयज ट्रैन का आनंद लिया वहीं लोगों ने सपरिवार म्युजिकल फाउंटेन का भी आनंद लिया ।

यातायात को दुरुस्त करने यातायात पुलिस पूरी तरह चाक चौबन्ध दिखाई दी। वे लोगों से लगातार अपील कर रहे हैं कि निर्धारित स्थान पर ही वाहन खड़ा की जाय। क्योंकि लोगों के सहयोग के बिना व्यवस्था संभव नहीं हो पाएगा। जानकारी के मुताबिक लोगों की भीड़ इतनी रही कि देर शाम को लोगों को बिना टिकट के ही छोड़ना पड़ा। लगातार बढ़ती भीड़ से ही बड़े तरिया के लोकप्रियता का अंदाज़ा लगाया जा सकता है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950